तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

करें उत्सव की शुरुआत प्यार से।

सुमीत बाजार™

दीपावली खरीदारी पर

CASHBACK VOUCHER

₹1,000 की छूट

हर ₹2,500 की खरीदारी पर

ऑफर केवल 30 अक्टूबर तक

*नियम व शर्तें लागू

*condition apply

मेन्स वियर • लेडिस वियर • टीन्स वियर • किड्स वियर • होम फर्निशिंग • गृह उपयोगी सामान • एसेसरीज

कैशबैक वाउचर स्कीम सिर्फ इन स्टोर्स में लागू - छत्तीसगढ़ - रायपुर - बैजनाथ पारा, गेट नं. 7 पंडरी मार्केट, पंडरी मॉल के बाजू, न्यू राजेन्द्र नगर, लाखेनगर, गुढ़ियारी, कटोरा तालाब आरंग | बिलासपुर | भिलाई - सुधीर एक्सरे के सामने सुपेला | दुर्ग - स्टेशन रोड, पुलगांव | राजनांदगांव-बसंतपुर | डोंगरगढ़ | भाटापारा | धमतरी | कांकेर | कोण्डागांव | सिमगा | खरोरा बालोद | बेमेतरा | कवर्धा | सरायपाली | बागबाहरा || उड़ीसा - नुआपाड़ा || मध्यप्रदेश - बालाघाट | धामनोद || अतिशीघ्र भव्य शुभारंभ रिंग रोड, कुशालपुर, रायपुर

नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन इन स्टोर्स पर भी उपलब्ध - छत्तीसगढ़ - रायपुर - संतोषी नगर, महादेव घाट, बिरगांव, हीरापुर, भनपुरी, रामनगर | नवापारा (राजिम) - गंज रोड, सदर रोड भिलाई - पावर हाऊस, सुपेला चौक, सिरसा रोड | महासमुंद || उड़ीसा - खरियार रोड

CUSTOMER CARE - 89820 44000 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com

बैहर, मलाजखंड, बालाघाट, छिंदवाड़ा, गोंदिया जैसे क्षेत्रों के मार्गों पर आवाजाही होगी आसान

कुम्हारी से अहिवारा होकर पथरिया तक 24.06 करोड़ रुपए से सड़क का होगा चौड़ीकरण, पुल और पुलिया का भी होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्टेट हाईवे क्रमांक-21 कुम्हारी-अहिवारा-पथरिया मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन को मंजूरी मिल गई है। करीब 26.60 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के उन्नयन से सड़क की स्थिति बेहतर होने के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग को सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ बनाने के लिए डामरीकरण सहित आवश्यक संरचनात्मक कार्य कराए जाएंगे।

अलग खबर

यह मार्ग छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश को जोड़ने के साथ क्षेत्र के प्रमुख मार्गों एवं महत्वपूर्ण आवागमन केंद्रों के लिए उपयोगी है। मध्यप्रदेश के कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करता है। इसके अलावा बैहर, मलाजखंड, बालाघाट, सिवनी, गोंदिया जैसे क्षेत्रों को राजधानी रायपुर से जोड़ता है। दुर्ग जिले के ग्रामीण अंचलों एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से राजधानी रायपुर की ओर आवागमन में इस मार्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मार्ग के सुदृढ़ीकरण से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों

26.60 किमी मार्ग का होगा रिनोवेशन
दो-दो मीटर तक साइड शोल्डर का किया जाएगा विस्तार



और दैनिक यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क से यात्रा अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगी तथा समय और परिवहन लागत में कमी आएगी। कृषि उपज एवं अन्य सामग्री के परिवहन को भी गति मिलेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

26.60 किमी सड़क का होगा सुदृढ़ीकरण

परियोजना के तहत कुल 26.60 किमी मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा। सड़क पर 60 मिलीमीटर डीबीएम तथा 40 मिलीमीटर बीसी की डामरीकरण परत का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 2 मीटर साइड शोल्डर का निर्माण प्रस्तावित है। इन कार्यों से सड़क की मजबूती, टिकाऊपन और जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा। प्रोजेक्ट के लिए 24.06 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। प्रशासनिक स्वीकृति 24 नवंबर 2025 को जारी हुई थी, जबकि कार्यादेश 8 सितंबर 2026 को जारी किया गया है। कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

5.89 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगे 6 नए स्कूल भवन

दुर्ग। जिले में स्कूल शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगातार अधोसंरचना विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग, दुर्ग संभाग दुर्ग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 6 नवीन हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए शासन द्वारा लगभग 5.89 करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। पाटन, धमधा, दुर्ग और भिलाई क्षेत्र के इन भवनों को नवंबर-दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को इनका लाभ मिल सके। इनमें विकासखंड पाटन एवं धमधा सहित दुर्ग एवं भिलाई क्षेत्र के शासकीय स्कूल भवन शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वीकृत कार्यों में पाटन विकासखंड के तेलीगुंडरा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, धमधा विकासखंड के खिलोराकला और देवरी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन शामिल हैं। वहीं दुर्ग विकासखंड के पुलगांव और कैंप-02 भिलाई में शासकीय हाईस्कूल भवन तथा धमधा विकासखंड के मलपुरीकला में हाईस्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा। तेलीगुंडरा, खिलोराकला और देवरी में बनने वाले हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के लिए प्रत्येक भवन हेतु 121.16 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस प्रकार तीनों भवनों के निर्माण पर कुल 363.48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



हायर सेकंडरी स्कूलों में 9 क्लासरूम और दो प्रयोगशालाएं

निर्माणाधीन हायर सेकंडरी स्कूल भवनों में 9 क्लासरूम, भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र के लिए पृथक प्रयोगशालाएं, प्राचार्य एवं स्टाफ के लिए कार्यालय तथा आवश्यक शौचालय की सुविधा रहेगी। इससे कक्षा संचालन के साथ विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक अध्ययन के लिए भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। नवीन हाईस्कूल भवनों में 4 क्लासरूम, आर्ट रूम, कंप्यूटर रूम और लैब रूम का प्रावधान है। साथ ही प्राचार्य एवं स्टाफ के लिए कार्यालय तथा आवश्यक शौचालय भी बनाए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कला, कंप्यूटर एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों के लिए सुविधाएं मिलेंगी।

खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा 1 जनवरी 2027 की स्थिति में मतदाता पुनरीक्षण शुरू किया गया है। इसे लेकर कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक पूरा किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवम्बर को किया जाएगा। 11 दिसंबर तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 28 दिसम्बर तक आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

शहीद अशफाकउल्ला खान की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

भिलाई। महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद अशफाकउल्ला खान की जयंती पर छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
अशफाकउल्ला खान भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया
कुरैशी ने बताया कि उनका जन्म 22 अक्टूबर 1900 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। वे बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे। काकोरी कांड में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर मृत्युदंड दिया। 19 दिसंबर 1927 को फैजाबाद जेल में उन्हें फांसी दी गई। उनका अदम्य साहस, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा। शहीद अशफाकउल्ला खान और महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की मित्रता भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदू-मुस्लिम एकता और सांप्रदायिक सद्भाव की अनुपम मिसाल है। दोनों ने धर्म और मजहब से ऊपर उठकर मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और अपने बलिदान से देशवासियों को एकता, भाईचारे तथा राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित पूरा देश उनके त्याग, वीरता और देशभक्ति को सम्मानपूर्वक स्मरण करता है। उनकी जयंती हमें यह प्रेरणा देती है कि हम आपसी मतभेदों को भुलाकर देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सौहार्द को मजबूत करें। शहीद अशफाकउल्ला खान का जीवन व बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा-देशप्रेम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

भाजपा का लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान शुरू, 5 नवंबर तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसा 5 नवंबर तक लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत निर्धारित सात कार्यक्रमों के समन्वय एवं संचालन की जिम्मेदारी जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे को सौंपी गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने जिला कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में आयोजित बैठक के दौरान यह जिम्मेदारी सौंपी।

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर जनजागरूकता बढ़ाना और विपक्ष के आरोपों के जवाब में भाजपा का पक्ष तथ्यों के साथ जनता के सामने रखना है। इसके माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और संवैधानिक प्रक्रियाओं के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान एसआईआर से जुड़े विषयों पर आम जनता को जानकारी दी जाएगी। विपक्ष के



■ एसआईआर से लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों तक के मुद्दों पर जनजागरूकता फैलाएगी पार्टी

विरोध प्रदर्शनों, आरोपों और तर्कों के संदर्भ में पार्टी अपना पक्ष रखेगी। इसके साथ ही घुसपैठ, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका और संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी जनसंवाद किया जाएगा।

देवांगन ने बताया कि आपातकाल के दौरान प्रेस पर लगाए गए प्रतिबंधों और सेंसरशिप जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के माध्यम से लोकतंत्र तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के महत्व को सामने रखा जाएगा। महिला अधिकारों, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। भाजपा का कहना है कि इन विषयों के जरिए विपक्ष के कथित दोहरे मापदंडों को जनता के सामने रखा जाएगा। बैठक में अभियान की तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण वर्मा, त्रिलोचन सिंह, पूनम शुक्ला, नटवर ताम्रकार, चन्ना केशवलु, कन्हैया सोनी, पारस जंघेल, रश्मि सिंह, भारती साहू, मनोज तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, प्रेमलाल साहू, योगेन्द्र सिंह, सचिन ताम्रकार, प्रेमचंद देवांगन, मदन सेन, हेमंत देवांगन, जोगेश्वर पुत्र, रवि कश्यप, जाकिर हुसैन, रिंकू साहू, ज्ञान दास मानिकपुरी, निशु पांडेय, मिथिला खिचरिया, सागरिका पाडी और अमित पाहुजा आदि मौजूद थे।

रिसाली में आज से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह

भिलाई। रिसाली के प्रगति नगर स्थित परमेश्वरी भवन में 23 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन होगा। इस नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रख्यात भागवताचार्य पं. निरंजन महाराज (लीमंतरा वाले) श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा का आयोजन होगा। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का होगा वर्णनकथा के प्रथम दिन 23 अक्टूबर को भागवत स्थापना, वेदी पूजन एवं गोकर्ण कथा का आयोजन होगा। 24 को राजा परीक्षित को श्राप और शुकदेव के आगमन के साथ कथा का शुभारंभ होगा। 25 को सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, सती चरित्र एवं शिव विवाह प्रसंग सुनाया जाएगा। 26 को ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, नृसिंह अवतार एवं भक्त प्रह्लाद की कथा होगी। 27 को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार एवं राजा बलि प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। 28 को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पूतना वध, बाल लीलाओं एवं माखन चोरी प्रसंग का आयोजन होगा। 29 को वृंदावन लीला, महारास, कंस वध एवं श्री रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई जाएगी। 30 को श्री सुदामा चरित्र, द्वारिका लीला, राजा परीक्षित मोक्ष एवं छप्पन भोग कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं, 31 अक्टूबर को श्रीगीतासार प्रवचन, हवन-पूर्णाहुति एवं सहस्त्रधारा स्नान के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। आयोजकों में दामिनी देवी देवांगन, रेशम लाल देवांगन, अदिति देवांगन, राजकिरण, सानवी एवं अविराज तैयारियों में जुटे हुए हैं।



महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक

मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाइटें बंद, कांग्रेस ने किया विरोध अगले ही दिन एमआईसी से 1.95 करोड़ का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों के मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है। एक दिन पहले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद गुरुवार को हुई एमआईसी की बैठक में 1.95 करोड़ रुपए की लागत से बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बिजली पोल के लिए पारित कर शासन को भेजा गया। बैठक में महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त लीना कोसम प्रमुख रूप से मौजूद थे। दोपहर 3 बजे डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, निर्माण कार्यों, सड़क एवं नाला निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विभागवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय एवं स्वीकृति की कार्रवाई की गई।

बैठक में महापौर अलका बाघमार द्वारा मंगाई गई सात बिंदुओं की जानकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रस्तुत की। महापौर ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रस्तावों की जानकारी लेते हुए शहर में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया। प्रमुख सड़कों पर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए 1.95 करोड़ रुपये का प्रस्ताव,बैठक में विद्युत विभाग द्वारा निगम क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने के लिए 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत 1 करोड़ 95 लाख 84 हजार 720 रुपये का प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया।



शहर में स्थापित होगी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा

उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री की घोषणा के परिपालन में संचालनालय द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए अधोसंरचना मद से 50 लाख रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में इस कार्य के स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रस्ताव के अनुसार वार्ड क्रमांक 18 में पुलिस चौकी के सामने स्थित चौक के पास प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में वार्ड 52 स्थित बिम्लेश्वरी कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। 15वें वित्त आयोग के अनटाइड ग्रांट मद के अंतर्गत इस कार्य के लिए आर्या कंस्ट्रक्शन, दुर्ग को कार्यादेश जारी किया गया है। वार्ड पार्षद के पत्र के आधार पर प्रस्तावित 4×4 फीट के नाले के स्थान पर 2×2 फीट की नाली निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर विचार किया गया। इसी प्रकार गणपति विहार से मां कर्मा पीएमएवाई-एएचपी आवास तक सीसी अप्रोच रोड सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर तामकर, काशीराम कोसरे पस्थित रहे

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम पहुंचकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद के नेतृत्व उप नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र पटेल एवं पार्षद भास्कर कुंडले, श्रीमती मनीषा सोनी,ब्लॉक प्रभारी संजय बत्रा के विशेष उपस्थिति में आज नगर पालिक निगम दुर्ग की उपायुक्त को शहर के 60 वार्डों एवं मुख्य मार्गों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। अलताफ अहमद ने बताया कि दुर्ग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 60 वार्ड हैं। लगभग सभी वार्डों में विद्युत पोलों की स्ट्रीट लाइटें पिछले 2 से 3 महीनों से बंद पड़ी हुई हैं। वहीं शहर के कई मुख्य मार्गों एवं चौराहों की लाइटें भी बंद हैं। इसमें जेल चौक से महात्मा गांधी प्रतिमा तक, जेल चौक से महाराजा चौक मिनीमाता चौक पुलगांव तक, शहीद चौक से एफसीआई गोदाम तक, गंजपारा चौक से नयापारा चौक बघेरा तक के बहुत से खंभों की लाइटें बंद हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश सीमांकर पूर्व पार्षद अशोक मेहरा, सांई मंदिर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत तिवारी, चंडी मंदिर मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर, फिरोज खान, रानी देवांगन, ईश्वर साहू, गणेश सोनी, पूर्व एल्डरमेन जगमोहन ढीमर, शशिकांत तिवारी, बृजमोहन तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन राजनीतिक दलों के सामने आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नगर निगम भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा एवं नगर पालिका परिषद जामुल के लिए 1 अक्टूबर अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली तैयार करने के लिए समय-अनुसूची जारी की गई है। जारी आदेश के परिपालन में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। इसके लिए राजनीतिक दलों से स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है।

निजी स्कूलों में प्रवेश से लेकर पढ़ाई जारी रखने तक मिलेगी सहायता

पढ़ाई छोड़ने पर शिक्षा से वंचित बच्चों को कानूनी मदद दिलाएगा नालसा, मनमानी पर होगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आर्थिक तंगी, सामाजिक परिस्थितियों और अन्य कारणों से पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना बड़ी चुनौती है। दुर्ग जिले में भी शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने और स्कूलों में प्रवेश के दौरान होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने शिक्षा योजना-2026 शुरू की है। इसके तहत पात्र बच्चों और उनके अभिभावकों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

खास खबर



आरटीई में प्रवेश के लिए आने वाली बाधाओं को करेगा दूर

इस योजना का उद्देश्य केवल बच्चों का स्कूल में दाखिला कराना नहीं, बल्कि उनकी पढ़ाई लगातार जारी रखना और शिक्षा के अधिकार से जुड़े मामलों में कानूनी मदद देना भी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश दिलाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर विशेष जोर रहेगा।

जिला और तहसील स्तर पर बनेगी व्यवस्था

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला एवं तहसील स्तर पर विशेष इकाइयां गठित करने की योजना है। ये इकाइयां आरटीई की धारा 12(1)(ग) के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए अभिभावकों को मार्गदर्शन देंगी। आवेदन भरने, आवश्यक दस्तावेज जुटाने और प्रवेश प्रक्रिया समझने में सहायता दी जाएगी।

नियम विरूद्ध शुल्क पर भी लगेगी रोक

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों को प्रवेश निःशुल्क हैं। प्रदेश सरकार ऐसे बच्चों की शैक्षणिक फीस वहन करता है। उसके बाद भी कोई स्कूल नियमों के विरुद्ध शुल्क मांगता है, पात्र बच्चे का आवेदन मनमाने तरीके से निरस्त करता है या प्रवेश देने में बाधा उत्पन्न करता है, तो अभिभावक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इससे उन परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है, जो जानकारी और आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण अपने बच्चों के अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठा पाते।

दाखिले के बाद भी रखी जाएगी नजर

नालसा योजना के तहत बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के बाद उनकी नियमित उपस्थिति और पढ़ाई जारी रहने पर भी नजर रखने की व्यवस्था प्रस्तावित है, ताकि बच्चे दोबारा पढ़ाई से दूर न हों। जिले में शाला त्यागी बच्चों को चिह्नित कर उनकी शिक्षा की स्थिति जानना और उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ना भी जरूरी होगा। नालसा की यह पहल तभी प्रभावी होगी, जब शिक्षा विभाग, स्कूल प्रबंधन और विधिक सेवा प्राधिकरण मिलकर काम करेंगे। दुर्ग जिले में हजारों बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की चुनौती के बीच जरूरत है कि प्रत्येक बच्चे तक योजना की जानकारी पहुंचे और पात्र परिवारों को समय पर सहायता मिले।

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

12 कुम्हारी से अहिवारा होकर पथरिया तक ...



15 माता की आरती कर बंगाली धुनुची नृत्य ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



खबर संक्षेप

हथियार लहराकर डराने धमकाने वाला गिरफ्तार

भिलाई। नेवई पुलिस ने गुरुवार को स्टेशन मरोदा रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर धारदार हथियार लहराकर आम नागरिकों को डराने-धमकाने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा आरोपी को हथियार सहित पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली कि स्टेशन मरोदा स्थित रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति स्टील का नुकीले आकार का धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गवाहों को तलब किया और हमराह स्टाफ के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर एक व्यक्ति स्टील का धारदार हथियार लहराते हुए मिला। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम करन निहाल उर्फ चेरी उम्र 28 वर्ष निवासी शंकरपारा उड़िया बस्ती स्टेशन मरोदा बताया। आरोपी के कब्जे से स्टील का नुकीले आकार का धारदार हथियार बरामद हुआ। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

11 थानों के 294 मामलों में जब्त की गई 34 हजार लीटर शराब पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

2011 से पहले दर्ज मामलों में जब्त शराब का किया गया नष्टीकरण



जिले में 11 थानों के 294 पुराने आबकारी मामलों में जब्त शराब नष्ट कर दी गई। इसकी कुल मात्रा 33,920.145 बल्क लीटर बताई गई है। यह शराब साल 2011 से पहले दर्ज मामलों में जब्त की गई थी। न्यायालय और कलेक्टर के आदेश के बाद पर्यावरण विभाग से अनुमति लेकर तय प्रक्रिया के तहत किया गया है। पुलिस ने बताया कि अलग-अलग थानों में आबकारी से जुड़े मामलों में जब्त शराब लंबे समय से सुरक्षित रखी गई थी। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे नष्ट करने का निर्णय लिया गया। शराब नष्ट करने की कार्रवाई थाना सुपेला के अंतर्गत निर्धारित स्थान पर की गई। इस दौरान शराब नष्ट करने वाली टीम के साथ आबकारी विभाग, राजस्व प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विभागों की निगरानी में तय प्रक्रिया के मुताबिक शराब नष्ट की गई, ताकि उसका दोबारा इस्तेमाल न हो सके। शराब नष्ट करने से पहले न्यायालय और कलेक्टर के आदेश लिए गए। इसके साथ ही पर्यावरण विभाग से भी जरूरी अनुमति प्राप्त की गई। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जब्त शराब का नष्ट किया गया।

पुलिस की अपील, शराब बेचने वालों की दें जानकारी

दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध शराब के निर्माण , भंडारण, परिवहन अथवा बिक्री से जुड़ी जानकारी पुलिस को दें। ऐसी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दुर्ग पुलिस कानून का पालन सुनिश्चित करने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मदिरा नष्टीकरण की कार्रवाई में एडीओ, आबकारी विभाग सुप्रिया शर्मा, सीएसपी निशान पाठक,एसडीएम उत्तम सिंह की अहम भूमिका रही है। मदिरा नष्टीकरण टीम तथा पुलिस, आबकारी, प्रशासनिक अमले के समन्वय से प्रक्रिया के तहत मदिरा का विधिवत नष्टीकरण हो पाया है।

सुंदरानी होंगे भिलाई-चरोदा नगर निगम के नए आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगरीय प्रशासन में संयुक्त संचालक के पद पर सेवारत एसके सुंदरानी को भिलाई-चरोदा निगम का आयुक्त बनाया गया है।



■ जिले में तीसरी बार हो रहा आगमन

उन्हें डीएस राजपूत की जगह पदस्थापना दी गई है। लंबे समय से राजपूत को हटाए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। एसके सुंदरानी इसके पहले दुर्ग और भिलाई निगम के आयुक्त रह चुके हैं। इस प्रकार जिले में उनकी तीसरी बार वापसी हो रही है। वे जिले के प्रशासनिक महकमें में भी सेवाएं दे चुके हैं।

काफी अनुभवी और वरिष्ठ अधिकारियों में उनकी गिनती होती है। उनके जिले में वापसी से प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की बात कही जा रही है। हरिभूमि से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि वे 23 अक्टूबर को पदभार ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही भिलाई-चरोदा निगम का कार्यभार संभालेंगे।



चाकूबाजी में युवक की मौत, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आपसी रंजिश के चलते हुआ था विवाद

चाकूबाजी के एक मामले में 19 वर्षीय युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे आवास निवास शिवा सोनी पर रंजिश के चलते चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। मृतक शिवा सोनी पर अज्ञात ने चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में शिवा को गंगोत्री अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को अस्पताल की मरचूरी भेजा गया है। जहां पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जिले में चाकूबाजी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है इसे लेकर पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है लेकिन नशे की हालत में युवकों द्वारा कटर से लेकर चाकू तक चला रहें है। हल ही में पुलिस तीन दर्जन से अधिक चाकूबाजी करने वालों पर कार्रवाई किया था। टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि घटना हुई है आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आसपास के सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।



कल्याण कॉलेज से बंटेंगी मतदान सामग्रियां

भिलाई। नपानि भिलाई निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत कल्याण कॉलेज, सेक्टर-7 भिलाई में निर्वाचन सामग्री के वितरण एवं वापसी की व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम तैयार करने की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, आयुक्त सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर सिली थॉमस, अनुविभागीय दंडाधिकारी सोनल डेविड सहित निगम टीम की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन सामग्री के व्यवस्थित वितरण एवं वापसी, स्ट्रांग रूम के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर निर्वाचन कार्यों को व्यवस्थित एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ननि निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूर्ण करे।



खबर संक्षेप




शिवधाम कोड़िया में देवांगन की तीन पुस्तकों का विमोचन

नंदकठी। दुर्गा दशहरा महोत्सव समिति द्वारा शिवधाम कोड़िया में दशहरा उत्सव मनाया गया। स्वर्ण शिखा नाट्य कला मंच द्वारा रामलीला मंचन के पश्चात रावण दहन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, अध्यक्ष सरपंच जानकी साहू एवं विशेष अतिथि प्रदीप साहू द्वारा डॉ. नीलकंठ देवांगन की तीन पुस्तकों-'दशहरे की रामलीलाः अहंकार का अग्निपथ', 'जिंदगी बढ़त गिसः अन्तस के पीरा' तथा 'छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल' का विमोचन किया गया। पुस्तकों के मुख्य पृष्ठ सज्जाकार हरीश कुमार देवांगन का सम्मान किया गया। रात में क्रांति बसु कृत लोक रंजनी की प्रस्तुति हुई।

कूर्मि आइडल नृत्य के लिए 25 को होगा ऑडिशन

अण्डा। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कूर्मि क्षत्रिय समाज द्वारा कूर्मि आइडल नृत्य प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 25 अक्टूबर को चंद्राकर भवन, कुथरेल में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ऑडिशन होगा। मुख्य प्रतियोगिता 19 दिसंबर को कोलिहापुरी में होगी। प्रतियोगिता में सामूहिक और एकल-युगल श्रेणियों के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार (21,001 रुपए तक) और विनर शील्ड प्रदान की जाएगी। आयोजन के संबंध में योगेश्वर कुमार देशमुख, प्रदीप देशमुख, आशिष दिल्लीवार और मनीष देशमुख ने जानकारी दी।

झोला में हर्षोल्लास के साथ मनाया दशहरा पर्व



अण्डा। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम झोला में विजयादशमी का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ मनाया गया। रामलीला मंचन और सजे हुए छोटे मेले में बच्चों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का माध्यम बना।

'मिशन लक्ष्मी' का लाभ लिया नंदिनीवासियों ने



नंदिनी। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर के तहत नंदिनी खदान अस्पताल में 'मिशन लक्ष्मी' स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर-9 अस्पताल की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. नीना गुहा, डॉ. रुचिका ताम्रकार, डॉ. साध्वी, लता मिश्रा और शशि सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण और कैंसर जैसे विषयों पर जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और स्वास्थ्य परीक्षण (पैप स्मीयर सहित) भी किया गया। उल्लेखनीय है कि मिशन लक्ष्मी की शुरुआत 8 अप्रैल 2024 को पंडित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 की चिकित्सा टीम तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कल्याणकारी सीएसआर कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में की गई थी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, संजय शर्मा, चिंतला श्रीकांत, सुधाकर जामुलकर, ओमेन टेटे, संतोष खांडे और डॉ. पूजा शर्मा उपस्थित रहे।

निधन

हीरा बाई साहू

भिलाई। नगर पालिक निगम रिसाली के नेवई बस्ती निवासी हीरा बाई साहू पति स्व. रंजन लाल साहू, मूल निवासी ग्राम अचानकपुर पाटन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नेवई स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे तामेश्वर साहू व मोहित साहू की मां थीं।

स्थायी पुल निर्माण अब भी फाइलों में कैद

एप्रोच रोड की मरम्मत से मिली राहत ग्रामीणों को है स्थायी पुल का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अमलेश्वर-कुम्हारी मार्ग पर आवागमन हुआ सुगम, लेकिन पुल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। लोगों को क्षतिग्रस्त पुल के स्थायी निर्माण का इंतजार है। सड़क की मरम्मत तो हो गई, मगर पुल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति अब तक नहीं मिलने से क्षेत्रवासियों की परेशानी का स्थायी समाधान अधर में लटका हुआ है।

लंबे समय से इस मार्ग की पुलिया और एप्रोच रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। बारिश के दौरान सड़क का हिस्सा बह जाने से आवागमन प्रभावित हुआ था। ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि समस्या का स्थायी समाधान करते हुए पुल का निर्माण कराया जाएगा। फिलहाल पीडब्ल्यूडी ने एप्रोच रोड की मरम्मत कर रास्ते को आवागमन योग्य बना दिया है, लेकिन यह व्यवस्था कब तक राहत देगी, इसे लेकर आशंकाएं बनी हुई हैं।

स्थायी समाधान चाहते हैं इस क्षेत्र के लोग



शिक्षक और विद्यार्थियों को भी उठानी पड़ती है परेशानी

इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले आम नागरिकों के साथ शिक्षक और विद्यार्थियों को भी आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बारिश के दिनों में क्षतिग्रस्त पुल के कारण जोखिम और परेशानी बढ़ जाती है। मार्ग की उपयोगिता को देखते हुए पुल का स्थायी निर्माण क्षेत्र के लोगों के लिए जरूरी है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने के लिए पहल करेंगे।

मरम्मत पूरी, लेकिन स्थायी समाधान से ही ग्रामीणों को मिलेगी समस्या से मुक्ति

एप्रोच रोड की मरम्मत से तत्काल परेशानी जरूर कम हुई है, लेकिन क्षतिग्रस्त पुल का स्थायी निर्माण नहीं होने से समस्या पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। बरसात के दौरान पानी के तेज बहाव से सड़क और एप्रोच रोड को दोबारा नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में केवल मरम्मत के भरोसे इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं माना जा रहा है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि संबंधित विभाग पुल निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाए, ताकि हर साल उत्पन्न होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल सके।

प्रारूप तैयार, फिर भी निर्माण की राह में अड़चन

जानकारी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग की ओर से पुल निर्माण के लिए प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके बावजूद शासन से प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब पुल निर्माण के लिए प्रारूप तैयार है, तो स्वीकृति मिलने में देरी क्यों हो रही है? विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं होने से लोगों को अब तक स्थायी राहत नहीं मिल सकी है।

अब निगाहें शासन की स्वीकृति पर

एप्रोच रोड की मरम्मत के बाद लोगों को कुछ समय के लिए राहत जरूर मिली है, लेकिन उनकी नजरें अब पुल निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति पर टिकी हैं। क्षेत्रवासियों की अपेक्षा है कि पीडब्ल्यूडी और संबंधित जनप्रतिनिधि केवल आश्वासन तक सीमित न रहें, बल्कि पुल निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाकर काम शुरू कराने की दिशा में ठोस पहल करें। स्थायी पुल बनने के बाद ही अमलेश्वर-कुम्हारी मार्ग पर आवागमन की समस्या का प्रभावी और दीर्घकालिक समाधान संभव हो सकेगा।

कुम्हारी सेजेस में 44 लाख से बने 5 कमरों का सांसद विजय बघेल ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत वार्ड 14 स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल कुम्हारी में अध्ययनरत 1500 विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 5 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय विजय बघेल के विशेष प्रयासों से डीएमएफ से 43.81 लाख की लागत से इन आधुनिक कक्षाओं का निर्माण कराया गया है।

■ पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल को मिली सौगात

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर नवनिर्मित कक्षों का विधिवत लोकार्पण किया।

सांसद ने विद्यालय की प्राचार्या एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक दुबे व अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्कूल की समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर निरंतर की गई चर्चा का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1500 छात्र संख्या वाले इस बड़े विद्यालय में बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए अतिरिक्त कमरों की महती आवश्यकता थी। इन 5 नए कमरों के निर्माण से विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु बेहतर वातावरण मिलेगा। साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आश्वासन दिया कि आगे भी विद्यालय की प्रत्येक आवश्यकता को क्षमतानुसार पूर्ण करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

समारोह में प्राचार्या विजया श्रीवास्तव, मीना वर्मा, तृप्ति चंद्राकर, अनुराग गुप्ता, मुकेश साहू, प्रवीण राव, राजू निषाद, हरिदास वैष्णव, अश्वनी देशलहरे, ओंकार मरकाम, अंबिका साहू, अवधेश शुक्ला, गोपी गोस्वामी, सुनीता कुर्रे, लोक सिंह बेस, छबि यादव, पी. एन. उइके, पृथ्वी सिंह, रागिनी निषाद, जूही चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

देवादा दशहरा विवाद : पाटन थाना पहुंचे समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दुर्ग जिले के पाटन थाना क्षेत्र में ग्राम देवादा के दशहरा कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद और मारपीट को लेकर मामला सामने आया है। घटना के बाद दशहरा उत्सव समिति के सदस्य अपनी वेशभूषा में पाटन थाने पहुंचे और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं दूसरी घटना में ग्राम अरसनारा चौक के पास एक युवक के साथ मारपीट कर नकदी छीनने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम देवादा निवासी शिकायतकर्ता 20 अक्टूबर की रात करीब 11:40 बजे अपने भाई नीरज कुमार साहू के साथ कार से पाटन से गांव लौट रहा था। इसी दौरान अरसनारा चौक के पास कुछ लोगों के साथ विवाद होने के बाद मारपीट की घटना हुई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चित्रांगद निर्मलकर सहित अन्य लोगों ने कार रोककर नीरज साहू को नीचे उतारा और लोहे की रॉड से हमला किया।

■ अरसनारा चौक मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज

इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमले में नीरज साहू के सिर पर गंभीर चोट आई और काफी खून बहने लगा। शिकायत में मारपीट के दौरान करीब 20 से 22 हजार रुपये निकाल लिए जाने की बात भी कही गई है। घटना में अन्य लोगों के शामिल होने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता ने सभी संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

वेशभूषा में थाना पहुंचे दशहरा उत्सव समिति के सदस्य

दशहरा कार्यक्रम के दौरान हुए कथित विवाद और मारपीट को लेकर दशहरा उत्सव समिति के सदस्य अपनी वेशभूषा में पाटन थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए संबंधित व्यक्तियों के नाम प्रस्तुत किए और मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया। थाना पाटन पुलिस द्वारा दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में चित्रांगद निर्मलकर,भोलेश्वर वर्मा, गजराज वर्मा,प्रतीक साहू, हितेश साहू सहित अन्य के ऊपर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(3), 115(2), 309(4) एवं 3(5) का अपराध पंजीबद्ध किया है।

अपने अंदर के रावणत्व को समाप्त करें : पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई/अंडा



ग्राम कुथरेल में जिले के सबसे बड़े सार्वजनिक दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम की पूजा और बाल कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला मंचन के साथ हुई। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दशहरा अपने भीतर के अहंकार और बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लेने का पर्व है। इस दौरान पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जनपद सभापति लोमश चन्द्राकर, सरपंच गीता गजपाल सहित हजारों दर्शक उपस्थित रहे। आतिशबाजी और मेले ने सभी का मन मोह लिया।

विजयादशमी पर निकुम में सजा कविताओं का मंच



निकुम। नवयुवक दुर्गोत्सव समिति निकुम के तत्वावधान में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में राज्यस्तरीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन केशव राम साहू 'गुंडरदेही' ने किया। कवि रामहृदय वर्मा, संतोष शैलेन्द्र चंदन, भूषण वर्मा, नारायण प्रसाद चंदेल, दिनेश्वरी चंद्राकर, कविता चंद्रिका प्रसाद देशमुख और प्यारे लाल देशमुख ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकार, पर्यावरण, हास्य-व्यंग्य और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंचल की खबरें

भाठागांव आर लीला मंडली ने बटोरी वाहवाही



जामगांव आर। भाठागांव आर की एक सदी पुरानी श्री राम कृष्ण लीला मंडली का मंचन इस बार भी विजयादशमी पर आकर्षण का केंद्र रहा। 68 वर्षीय मंडली मैनेजर शोभाराम देवांगन और डॉक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि इस पुरानी परंपरा में चार पीढ़ियों के कलाकार एक साथ प्रभावी अभिनय कर रहे हैं। इसे देखने ग्रामीण दूर-दूर से पहुंचते हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लेखराम साहू, सरपंच रूपेश्वर यादव, जोहित राम साहू, रामप्रताप साहू और केके साहू ने लीला की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। समिति के अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष उमेंद साहू, मैनेजर शोभाराम देवांगन और संचालक डॉ. प्रदीप साहू के मार्गदर्शन में पौराणिक संवादों ने सबका मन मोह लिया। मंच पर धीरज देवांगन (राम), राजकुमार साहू (लक्ष्मण), रोशन देवांगन (भरत), शिवम देवांगन (हनुमान), तीरथ देवांगन (अंगद), युवराज नेताम (जामवंत), हिमांशु साहू (सुग्रीव), महेंद्र साहू (रावण), सुंदर साहू (मेघनाथ), साकेत कतलाम (कुंभकरण), उत्तम साहू (विभीषण), विराट ठाकुर (सुखेन वैद्य) और आदित्य साहू (बाल हनुमान) ने शानदार अभिनय किया। हास्य प्रहसन में डॉ. प्रदीप साहू, शैलेश साहू, गिरधर साहू और शोभाराम देवांगन ने दर्शकों को खूब हंसाया। संगीत सहयोग उत्तम साहू, तेजराम साहू, उमेंद साहू और वादक कलाकारों ने दिया।

भनसुली में हुआ रामलीला मंचन व रावण दहन



पाटन। ग्राम भनसुली में बाल समाज रामलीला मंडली द्वारा 64वें वर्ष भी विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीराम की जीवन लीला के सजीव मंचन और रावण वध के बाद पारंपरिक रावण दहन किया गया। इस वर्ष राम की भूमिका में साहू, लक्ष्मण के रूप में साहिल साहू, रावण के रूप में डॉ. तामेश्वर साहू और कुंभकर्ण के रूप में बिट्टू निर्मलकर ने जीवंत अभिनय किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा कि यह आयोजन गांव की एकता और संस्कृति का प्रतीक है। सरपंच भगवती मुकेश साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पुरण लाल साहू, गैंद लाल डहरिया, पद्मभूषण साहू, रामचरण साहू, कल्याण साहू, हुलेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

डुंडेरा में शस्त्र पूजन, राष्ट्र रक्षा का लिया संकल्प



उतई। विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ग्राम डुंडेरा की शिवम शाखा द्वारा विधि-विधान से शस्त्र पूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान राष्ट्र की अखंडता, सुरक्षा और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में टीकम साहू, प्रेमनारायण वर्मा, केशव महिपाल, भूषण देवांगन, सुरेश चोपड़ा, रमाकांत साहू, खुमान सिंह देवांगन, रोहन धनकर, नमन महिपाल, नेध कुमार महिपाल, गगन महिपाल सहित बड़ी संख्या में बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

30 फीट का रावण पांच मिनट में जलकर राख



धमधा। नगर के बाजार स्थित दशहरा मैदान में 83वें दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष रावण दहन स्थल में परिवर्तन, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल प्रमुख आकर्षण रहे। तमेर पारा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का आतिशबाजी के बीच दहन किया गया। कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल विशेष रूप से शामिल हुए।

बिजनेस साइट

प्रिया ज्वेलर्स में हर रविवार जीतें 21 हजार तक के बिल का लाभ



भिलाई। त्योहारी सीजन में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए चूड़ी लाइन, सुपेला स्थित प्रिया ज्वेलर्स की ओर से विशेष ऑफर पेश किया गया है। इसके तहत ज्वेलरी की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को प्रत्येक रविवार को लॉटरी सिस्टम के माध्यम से भाग्यशाली विजेता बनने का अवसर मिलेगा। योजना के अंतर्गत विजेता को अधिकतम 21 हजार रुपए तक के बिल का लाभ दिया जाएगा। प्रतिष्ठान की ओर से इस ऑफर के जरिए ग्राहकों को खरीदारी के साथ विशेष लाभ पाने का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रिया ज्वेलर्स में सोने-चांदी के आभूषणों के साथ हॉलमार्क ज्वेलरी भी उपलब्ध है। यहां 22 कैरेट (916), 20 कैरेट (833), 18 कैरेट (750) और 9 कैरेट (375) श्रेणी के आभूषणों के विकल्प मिलते हैं। इसके अलावा ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान में उचित ब्याज दर पर गोल्ड लोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रिया ज्वेलर्स के संचालक राजकुमार सोनी ने बताया कि ग्राहकों को ज्वेलरी की खरीदारी के लिए बेहतर विकल्प और अतिरिक्त लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह ऑफर शुरू किया गया है। योजना का लाभ नियम एवं शर्तों के अनुसार लिया जा सकता है। प्रिया ज्वेलर्स, चूड़ी लाइन, सुपेला, भिलाई में स्थित है।



हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

06



टेकफेस्ट में छात्रों ने देखी अंतरिक्ष...

लाइव इवेंट

शहीदों का बलिदान राष्ट्र के लिए गौरव, चार वीर सपूतों को एनसीसी इकाई ने दी श्रद्धांजलि




दुर्ग। इस अवसर पर महाविद्यालय के चार वीर सपूतों शहीद निरीक्षक विनोद ध्रुव, आरक्षक थान सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक महेंद्र प्रताप सिंह यादव तथा सहायक प्लाटून कमांडर नारद राम निषाद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इन वीर जवानों ने विभिन्न नक्सली मुठभेड़ों एवं सुरक्षा अभियानों के दौरान कर्तव्य निर्वहन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनकी शहादत राष्ट्र और समाज की सुरक्षा के प्रति उनके अदम्य साहस, समर्पण तथा कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। कार्यक्रम में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हमें उन वीर पुलिसकर्मियों के त्याग, साहस और समर्पण का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। वी. वाई. टी. कॉलेज के चार पूर्व विद्यार्थियों का देशसेवा में सर्वोच्च बलिदान महाविद्यालय परिवार के लिए भावुक क्षण होने के साथ-साथ गौरव का विषय भी है। इन वीर सपूतों का जीवन और बलिदान वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुमित अग्रवाल, महाविद्यालय के कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग की 37 सीजी बटालियन एनसीसी इकाई द्वारा कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वी. वाई. टी. कॉलेज के चार पूर्व विद्यार्थियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए यह गर्व और गौरव का विषय है कि यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने आगे चलकर देश की सुरक्षा एवं सेवा के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी स्मृतियां महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सदैव राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने



लाइव इवेंट

विजयादशमी पर डॉ. सतीश मुनि को मिली श्रमण संघ के छत्तीसगढ़ प्रवर्तक की जिम्मेदारी





दुर्ग। विजयादशमी के अवसर पर जैन श्रमण संघ को छत्तीसगढ़ में नया प्रवर्तक मिला है। श्रमण संघ के सर्वोच्च संत आचार्य भगवंत ध्यानयोगी पूज्य डॉ. शिव मुनि जी महाराज ने गुजरात के सूरत से डॉ. सतीश मुनि महाराज को श्रमण संघ का छत्तीसगढ़ प्रवर्तक नियुक्त करने की घोषणा की। इस घोषणा के साथ ही छत्तीसगढ़ सहित देशभर के श्रावक-श्राविकाओं और जैन समाज में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण बन गया। डॉ. सतीश मुनि महाराज को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने को छत्तीसगढ़ में श्रमण संघ की धार्मिक और आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। डॉ. सतीश मुनि महाराज छत्तीसगढ़ के जन-जन की श्रद्धा के केंद्र, लोकमान्य संत एवं वाणी भूषण पूज्य गुरुदेव रतन मुनि महाराज के सेवाभावी शिष्य हैं। पूज्य रतन मुनि महाराज ने अपने ज्ञान, तप, त्याग, साधना और कुशल मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धर्म, अध्यात्म और अहिंसा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने श्रमण संघ परिवार को एकजुट रखने के साथ समाज को धार्मिक संस्कारों, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ में अनेक चातुर्मास करने वाले पूज्य रतन मुनि महाराज लंबे समय तक छत्तीसगढ़ प्रवर्तक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे। उनके देवलोक गमन के बाद से यह पद रिक्त था।

अब पूज्य रतन मुनि महाराज के ही शिष्य डॉ. सतीश मुनि महाराज को छत्तीसगढ़ प्रवर्तक का दायित्व सौंपे जाने से इसे गुरु परंपरा, आध्यात्मिक संस्कारों और श्रमण संघ की सेवा भावना को निरंतर आगे बढ़ाने के रूप में देखा जा रहा है।

● बंगाली धुनुची नृत्य और गुजराती गरबा ने बांधा समां, कमांडेंट विवेक श्रीवास्तव की उपस्थिति रही खास, समाजसेवा व जनकल्याण के क्षेत्र में योगदान देने वाली हस्तियों का हुआ सम्मान

माता की आरती संग बंगाली धुनुची नृत्य और गुजराती गरबा के रंगों से सजी शाम, गरबी गरबा ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा



भिलाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समाजसेवा, शिक्षा, पुलिस, साइबर सुरक्षा और सैन्य सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाली हस्तियों का सम्मान भी किया गया। गरबी गरबा के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा के मार्गदर्शन में मुख्य संचालक अनुभव सखलेचा और आशीष तैलंग के नेतृत्व में आयोजन हुआ। विशेष अतिथि डॉ. दीपक कोठारी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने कमांडेंट विवेक श्रीवास्तव और संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा का सम्मान एवं अभिनंदन किया।

विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली हस्तियों का सम्मान

समारोह में डॉ. भावना दिवाकर सहायक प्राध्यापिका एवं अध्यक्ष मां शक्तिस्वरूपा महिला समिति दुर्ग, डॉ. संकल्प राय उपनिरीक्षक पुलिस साइबर अपराध दुर्ग, वरिष्ठ समाजसेविका संध्या रितेश, कमर खान, सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक एवं विधिक सलाहकार देवादा अस्पताल, डॉ. प्रीति अजय बेहरा छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य एवं उत्कल समाज की उपाध्यक्ष, रत्ना नारमदेव वरिष्ठ समाजसेविका एवं दुर्ग की पूर्व एल्डरमैन, मनीष शुक्ला पूर्व सेना हवलदार एवं ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सैन्य सेवाकर्मी और गौरव शर्मा दुर्ग नगर निगम के एल्डरमैन का सम्मान किया गया। विशेष उपस्थिति में अखैराज सखलेचा, सरोज सखलेचा, नायर, रमेश चोपड़ा, राजेश पठानिया और लहरी सहित गरबी गरबा समूह के सदस्य मौजूद रहे।

भक्ति की सुरमयी धुन, माता की आरती, बंगाली धुनुची नृत्य और गुजराती गरबा की थिरकती ताल के बीच पद्मनाभपुर का ओल्ड एलआईजी ग्राउंड सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा। यहां आयोजित गरबी गरबा में बंगाली और गुजराती परंपराओं का अनूठा मेल देखने मिला। बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक ने उत्साह के साथ नृत्य प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में माता की आरती और भजनों ने भक्तिमय वातावरण बनाया, वहीं धुनुची नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। अति विशिष्ट अतिथि सीमा सुरक्षा बल के फ्रंटियर मुख्यालय के कमांडेंट विवेक श्रीवास्तव की उपस्थिति आयोजन का खास आकर्षण रही।





आरती और धुनुची नृत्य ने मोहा मन

कार्यक्रम का शुभारंभ नृत्य निर्देशक अर्निका बिस्वास के नेतृत्व में हुआ। इसके बाद सूर्यकला और अनुभव सखलेचा ने माता की आरती एवं भजनों की प्रस्तुति दी। अर्निका बिस्वास, संजय अग्रवाल और उनकी टीम के पारंपरिक बंगाली धुनुची नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन स्वाती पटेल, नीतू गर्ग और आशीष तैलंग ने किया। टंग ट्विस्टर गरबा गतिविधि में सूर्यकला और स्वाती पटेल ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। नृत्य निर्देशकों आदित्य, राम महतो, हरीश, अर्निका बिस्वास और राशि ने गरबा प्रस्तुतियों, नृत्य शैलियों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से माहौल को जीवंत बनाए रखा।

सहयोग देने वाली टीम की रही अहम भूमिका

आयोजन के निर्देशन में अनुभव सखलेचा, आशीष तैलंग और संजय अग्रवाल की प्रमुख भूमिका रही। सह-मेजबान सूर्यकला, नीतू गर्ग, स्वाती पटेल, शालिनी पटेल, रोमा सिंह, तृप्ति साहू, हिमांशु, योगेश राठी, आशीष दत्ता, जान्हवी, अंकित शाह, शरद गर्ग और विशाल त्रेहान ने सहयोग दिया। डॉ. कृष्णा अग्रवाल, वर्षा तैलंग, दलजीत कोराडा, मंजूश्री नौकरकर, नीरा पांडे, नमिता बंसल, शांति शर्मा, पूजा तिवारी, रीता सुराना, नेहा हीरवानी, अव्या तैलंग, राशि महतो, वत्सला नायर, खुशी चोपड़ा, मंगला और समिता चंद सहित अनेक सहयोगियों का योगदान रहा। आयोजन समिति ने सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग के लिए पुलिस विभाग, बंगाली समाज, एलआईजी ग्राउंड समिति, अतिथियों, कलाकारों और सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।



पंथी-पंडवानी महासम्मेलन कल, प्रदेशभर के पंथी और पंडवानी कलाकार होंगे शामिल

भिलाई। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला और सांस्कृतिक विरासत को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर को अहिवारा के बानबरद कॉलेज ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पंथी और पंडवानी के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक पेश करेंगे।

पद्मश्री डॉ. ऊषा बारले ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आयोजन के तहत पंडवानी महासम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। समारोह में मंत्री राजेश अग्रवाल और गजेंद्र यादव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर और रिकेश सेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती



बंजारे और अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। डॉ. ऊषा बारले ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना और पंथी तथा पंडवानी जैसी पारंपरिक लोककलाओं को प्रोत्साहित करना है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के जरिए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को सामने रखेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बागडुमर सरपंच दामिनी साहू, अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा और अमर दास बारले सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जसगीत में दिखी भक्ति की छटा, नवरात्र में सेवा देने वाले सदस्यों का किया सम्मान



भिलाई। प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के तत्वावधान में आयोजित नवरात्र के दौरान मंदिर में 172 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गईं। नौ दिनों तक माता की आराधना के साथ जसगीत, रास-गरबा और डांडिया की प्रस्तुतियों ने भक्तिमय माहौल बनाया। पर्व के समापन पर पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन, पूर्णाहुति और जोत-जवारा विसर्जन किया गया। इसके बाद परमेश्वरी भवन में भोग-भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 500 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समिति के मीडिया प्रभारी शंकर लाल देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि समापन अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में सहयोग देने वाले सदस्यों को अतिथियों ने

कार्नर न्यूज

धूमधाम से मना दशहरा उत्सव, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव

समाजसेवियों द्वारा चांदी की गदा भेंटकर महापौर को किया सम्मानित

मंत्री गजेंद्र ने कहा-जल्द बदलेगी जवाहर नगर की तस्वीर

दुर्ग। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व बुधवार को जागृति पटरीपार रावण दहन समिति द्वारा वार्ड क्रमांक 18 स्थित जवाहर नगर खेल मैदान में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और बुराइयों के अंत का संदेश देने वाले इस दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। उत्सव के दौरान रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले रामलीला का मंचन हुआ, वहीं आकर्षक आतिशबाजी ने आयोजन को यादगार बना दिया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। इससे पहले कार्यक्रम में समाजसेवियों द्वारा नगर की महापौर अल्का बाघमार ने चांदी की गदा भेंट कर सम्मानित किया गया। मंत्री गजेंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि पटरीपारा की तस्वीर आगामी दिनों में बदलने वाली है। जवाहर नगर के पास से आदित्य नगर होते हुए रायपुर नाका तक नई फोरलेन का निर्माण होने जा रहा है। इसके चलते विकास की राह आसान होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार ने की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, विद्यावती सिंह, सावित्री दमाहे, सुरूचि उमरे, रंजीता पाटिल,



युवराज कुंजम, पूर्व पार्षद अरुण सिंह, भाजपा पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, चतुर्भुज राठी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक एवं उत्सव समिति के सदस्य उपस्थित रहे।दशहरा उत्सव को लेकर नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। पटरी पार सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित कार्यक्रम देखने पहुंचे।



चांदी की गदा भेंटकर महापौर का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान वार्ड के वरिष्ठजनों व सभी समाज सेवियो एवं उत्सव समिति की ओर से महापौर अलका बाघमार को चांदी की गदा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नागरिकों ने पटरी पार क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया। नागरिकों ने कहा कि क्षेत्र में 7.50 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सड़क तथा 3.50 करोड़ रुपये की लागत से नाला निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात मिलने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि जब भगवान श्रीराम रावण का वध कर अयोध्या लौटे, तो माता ने उनसे पूछा कि राम, तुमने रावण का वध कर दिया, इस पर भगवान श्रीराम ने कहा कि मां, मैंने रावण को नहीं मारा, बल्कि रावण के भीतर जो मैं यानी अहंकार था, उसी का अंत हुआ है। इस प्रसंग से हमें यह सीख मिलती है कि जीवन में कोई भी कार्य करें, लेकिन कभी भी उसका अहंकार नहीं करना चाहिए। जब व्यक्ति के भीतर मैं और अहंकार की भावना आ जाती है, तो उसका पतन निश्चित हो जाता है। इसलिए हमें सदैव विनम्रता के साथ कार्य करना चाहिए और अपनी सफलता का श्रेय स्वयं तक सीमित न रखकर सभी के सहयोग और आशीर्वाद को देना चाहिए।

सिटी इवेंट

वेल्डिंग संस्थान प्रतियोगिता में प्रदर्शित किया तकनीकी कौशल



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र एवं भारतीय वेल्डिंग संस्थान (आईआईडब्ल्यू), भिलाई शाखा के तत्वावधान में संयंत्र के संविदा श्रमिकों के लिए मार्स-3 विभाग में वेल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 103 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी तकनीकी दक्षता एवं कार्यकुशलता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। जीएमएडब्ल्यू श्रेणी में जी. राजेश तथा एसएमएडब्ल्यू श्रेणी में सुनील प्रसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों विजेताओं का चयन 14 एवं 15 दिसंबर को वडोदरा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वेल्डिंग प्रतियोगिता में भिलाई का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है।

मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने अपने संबोधन में मानव संसाधन के कौशल उन्नयन, सुरक्षा मानकों के अनुपालन तथा वेल्डिंग कार्य में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण वेल्डिंग संयंत्र के उपकरणों के बेहतर रखरखाव, परिचालन विश्वसनीयता तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। महाप्रबंधक व मानद सचिव राजेश अग्रवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी । संचालन महाप्रबंधक वीरेंद्र ओगले ने किया।



सिटी लाइव

सहायक उपकरणों का वितरण कल

दुर्ग। कल्याणी संस्था द्वारा वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की सहायता के उद्देश्य से 24 अक्टूबर को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे जुनवानी, दुर्ग स्थित रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम में आयोजित होगा। इसमें जरूरतमंद वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ऐसे वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों का नया पंजीयन भी किया जाएगा, जिन्हें दैनिक जीवन में सहायक उपकरणों की आवश्यकता है। पंजीयन के माध्यम से जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कल्याणी संस्था ने नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने और इस सेवा कार्य में सहभागी बनने की अपील की है, ताकि जरूरतमंदों को आवश्यक सुविधाओं का लाभ मिल सके।

समाज इवेंट

25 को निकलेगी सामाजिक सद्भावना यात्रा, विभिन्न परिक्षेत्रों में होगा जनसंपर्क

दुर्ग। जिला साहू संघ दुर्ग के तत्वावधान में 25 अक्टूबर को सामाजिक सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक संस्कारों एवं नियमावली के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस यात्रा के माध्यम से समाज के लोगों के बीच संवाद स्थापित कर सामाजिक विश्वास को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। सामाजिक सद्भावना यात्रा दुर्ग से प्रारंभ होकर परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के ग्राम सेलूद पहुंचेगी। यहां समाज परिवार की ओर से सामाजिक संस्कार कार्यशाला आयोजित की जाएगी तथा समाज की नियमावली के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके बाद यात्रा जामगांव आर परिक्षेत्र पहुंचेगी। यात्रा के अगले पड़ाव में बेल्हारी परिक्षेत्र के आगेसरा में वृंदा देवी के दर्शन किए जाएंगे। इसके पश्चात सामाजिक सद्भावना यात्रा तेलीगुंडरा परिक्षेत्र के कौही पहुंचेगी, जहां भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए जाएंगे। इसके बाद ठकुराइन टोला में भगवान के दर्शन कर समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की जाएगी। उसके बाद यात्रा आगे झीट परिक्षेत्र पहुंचेगी, जहां सामाजिक परिचर्चा के माध्यम से समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद देवबलौदा में सामाजिक सद्भावना यात्रा का समापन होगा। जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 25 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग में भक्तमाता कर्मा की पूजा अर्चना, सुबह 10 बजे अरसनारा परिक्षेत्र के ग्राम सेलूद में आगमन, 11 बजे ग्राम जामगांव आर में आगमन, दोपहर 12.30 बजे बेल्हारी परिक्षेत्र के ग्राम आगेसरा में आगमन, वृन्दा देवी मां का दर्शन पश्चात भोजन दोपहर 2 बजे तेलीगुण्डरा परिक्षेत्र के ग्राम कौही में आगमन, बाबा भोलेनाथ एवं मां कालीमाई के दर्शन, अपरान्ह 3 बजे ठकुराईनटोला में आगमन, बाबा भोलेनाथ का दर्शन, अपरान्त 3.45 बजे ग्राम झीट में आगमन और शाम 5 बजे देवबलौदा में बाबा भोलेनाथ का दर्शन पश्चात जिला मुख्यालय दुर्ग में वापसी होगी।

- जिला साहू संघ दुर्ग द्वारा सामाजिक संस्कार कार्यशाला और नियमावली की दी जाएगी जानकारी

● विद्यार्थियों ने रॉकेट और सैटेलाइट के मॉडल देखे और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जानकारी हासिल की

टेकफेस्ट में छात्रों ने देखी अंतरिक्ष की दुनिया, इसरो की प्रदर्शनी बनी आकर्षण, माइक्रोसॉफ्ट की स्पर्धा में 50 से ज्यादा टीमों ने खोजे समाधान

भिलाई। रॉकेट कैसे उड़ता है, सैटेलाइट अंतरिक्ष में क्या काम करता है और नई तकनीक से असल जिंदगी की समस्याएं कैसे सुलझाई जा सकती हैं, इन सवालों के जवाब विद्यार्थियों को रूंगटा यूनिवर्सिटी के सालाना टेकफेस्ट में मिले। टेकफेस्ट में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की प्रदर्शनी लगाई गई। यहां विद्यार्थियों ने रॉकेट और सैटेलाइट के मॉडल देखे और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जानकारी हासिल की। दूसरी ओर, रुंगटा यूनिवर्सिटी में माइक्रोसॉफ्ट की ओर से आयोजित एआई प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी तकनीकी सोच का प्रदर्शन किया।





इसरो की प्रदर्शनी में दिखी अंतरिक्ष की दुनिया

टेकफेस्ट के दूसरे दिन आयोजित इसरो की प्रदर्शनी में रॉकेट और सैटेलाइट के मॉडल रखे गए। स्क्रीन पर अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारियां और नई उपलब्धियां दिखाई गईं। विद्यार्थियों ने 3डी गॉगल्स की मदद से अंतरिक्ष के दृश्य भी देखे। प्रदर्शनी में इसरो के तीन वैज्ञानिक मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में बताया। इस प्रदर्शनी के जरिए विद्यार्थियों को अंतरिक्ष अनुसंधान को करीब से समझने का मौका मिला। इसका उद्देश्य विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, विमान एवं अंतरिक्ष तकनीक जैसे क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं से परिचित कराना था।



माइक्रोसॉफ्ट की प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा टीमें

रूंगटा यूनिवर्सिटी में माइक्रोसॉफ्ट कैंपस क्लब की ओर से एआई प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 50 से ज्यादा टीमों ने अलग-अलग समस्याओं के समाधान तैयार कर प्रस्तुत किए। माइक्रोसॉफ्ट के तकनीकी सलाहकार आकाश कुमार और वरिष्ठ एआई इंजीनियर शुभम कौशिक ने निर्णायक के रूप में विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नए विचारों के साथ समस्याओं को हल करने की कोशिश की। उन्हें अपने बनाए समाधान विशेषज्ञों के सामने रखने और अपनी तकनीकी क्षमता दिखाने का अवसर मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में नई तकनीक सीखने, मिलकर काम करने और समस्याओं का समाधान खोजने की क्षमता बढ़ाना था।

क्लाउड कंप्यूटिंग से रूबरू हुए विद्यार्थी

टेकफेस्ट में एडब्ल्यूएस स्टूडेंट कम्युनिटी डे में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से परिचित कराना था। अमेजन हैदराबाद के हर्षित सिंह और अमेजन कोलकाता के सप्तऋषि डे ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को एडब्ल्यूएस की सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और उद्योगों में इनके इस्तेमाल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक का उपयोग अलग-अलग क्षेत्रों में किस तरह किया जा रहा है और इससे जुड़े कौशल सीखकर विद्यार्थी भविष्य में करियर के अवसर तलाश सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लिया। इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को अमेजन की ओर से उपहार सामग्री भी दी गई।

आयोजन की तैयारी...

आईआईटी भिलाई का छठा दीक्षांत समारोह 24 को, 313 विद्यार्थियों को मिलेगी उपाधि

भिलाई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी भिलाई में 24 अक्टूबर को छठे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्थान परिसर स्थित नालंदा हॉल में होने वाले इस समारोह में वर्ष 2026 में स्नातक उत्तीर्ण करने वाले 313 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम में पूर्व नीति आयोग सदस्य एवं रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ के पूर्व महानिदेशक डॉ. विजय कुमार सारस्वत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे विद्यार्थियों को दीक्षांत संबोधन भी देंगे। आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

- पूर्व नीति आयोग सदस्य डॉ. विजय कुमार सारस्वत होंगे मुख्य अतिथि, मेधावी विद्यार्थियों को मिलेंगे स्वर्ण पदक



पेन ड्राइव में मिलेगी डिजिटल डिग्री :

डिजिटल इंडिया की पहल के अनुरूप आईआईटी भिलाई विद्यार्थियों को डिजिटल डिग्री प्रमाणपत्र भी प्रदान करेगा। संस्थान के अनुसार, यह किसी भारतीय शैक्षणिक संस्थान में लागू की गई अपनी तरह की पहली पहल है। अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित डिग्रियां समारोह के दिन विद्यार्थियों को पेन ड्राइव में दी जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य कागज के उपयोग को कम करने के साथ पर्यावरण-अनुकूल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है।

पीएचडी से बीटेक तक के विद्यार्थी होंगे सम्मानित

इस वर्ष उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 19 पीएचडी, 37 एमएससी, 79 एमटेक, 8 बीटेक ऑनर्स और 170 बीटेक के विद्यार्थी शामिल हैं। समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न पदकों और पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। अपने बैच में सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाले बीटेक विद्यार्थी को संस्थान स्वर्ण पदक दिया जाएगा। वहीं, शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीटेक एवं एमटेक विद्यार्थियों को निदेशक स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। बीटेक, बीटेक ऑनर्स और एमएससी पाठ्यक्रमों में समग्र शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ महिला विद्यार्थी को भी निदेशक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न शाखाओं और पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक सीजीपीए प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सीनेट पुरस्कार दिए जाएंगे।

आधुनिक परिसर और तकनीकी विकास की दिशा में बढ़ते कदम

आईआईटी भिलाई की स्थापना 7 अगस्त 2016 को हुई थी। संस्थान की आधारशिला 14 जून 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी। इसके बाद 20 फरवरी 2024 को उन्होंने संस्थान के अत्याधुनिक परिसर को राष्ट्र को समर्पित किया। 27 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से परिसर के फेज-बी निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। वहीं 31 मई 2026 को आईआईटी भिलाई, छत्तीसगढ़ सरकार और दुर्ग नगर निगम के संयुक्त सहयोग से विकसित आईटी पार्क का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। राज्य के इस तरह के पहले आईटी पार्क से तकनीक, नवाचार, अनुसंधान, उद्यमिता और रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

तीन दिवसीय एकल वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी

नेहरू आर्ट गैलरी में छायाकार कमलेश की एकल वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी उद्घाटित



भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की नेहरू आर्ट गैलरी में छायाकार कमलेश कुमार वर्मा की तीन दिवसीय एकल वन्यजीव छायाचित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उदघाटन आज मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय ने किया। प्रदर्शनी समारोह में महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी सहित संयंत्र के अन्य अधिकारी व कर्मचारी, भिलाई आर्ट्स क्लब के सदस्य उपस्थित थे। श्री उपाध्याय ने कमलेश कुमार वर्मा द्वारा छायाचित्रों के माध्यम से वन्यजीवन के विविध पक्षों को प्रस्तुत करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा कि वन्यजीवों के प्राकृतिक परिवेश की कलात्मक अभिव्यक्ति, प्रकृति की विविधता और सुंदरता को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त करती हैं। प्रदर्शनी में कमलेश कुमार वर्मा द्वारा खींचे गए वन्यजीवों के विविध छायाचित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इन छायाचित्रों के माध्यम से वन्यजीवों की प्राकृतिक सुंदरता, उनके व्यवहार तथा प्राकृतिक परिवेश के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी 24 अक्टूबर तक शाम 5.30 बजे से रात 8.30 बजे तक लोगों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। प्रदर्शनियों के दौरान युवा वाद्य संगीतकार कृष हिरवानी और साहिल चौकसे द्वारा मधुर संगीत वादन की प्रस्तुति दी जा रही है।



नौकरी के साथ पढ़ाई कर रही दुर्ग की बेटी की मदद के लिए आगे आए लोग

कार्नर न्यूज

साक्षी के सीए बनने के सपने को मिला समाज का सहारा, जुटाए 63 हजार, रायपुर से दुर्ग पहुंचकर महेंद्र नाहटा ने सौंपा सहायता का चेक

दुर्ग। इंसानियत आज भी जिंदा है और जरूरत के समय किसी का साथ देने वाले हाथों की कमी नहीं है। इसका उदाहरण दुर्ग की साक्षी शर्मा की कहानी में देखने को मिला। चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए बनने का सपना देख रही साक्षी आर्थिक कठिनाइयों के बीच नौकरी करते हुए पढ़ाई जारी रख रही है। उसकी परेशानी सामने आने पर अध्यात्म पथ सेवा परिवार और अन्य सहयोगियों ने मिलकर 63 हजार रुपए की आर्थिक सहायता जुटाई, ताकि उसकी पढ़ाई में आर्थिक बाधा कम हो सके। साक्षी की सहायता का यह प्रयास केवल आर्थिक मदद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में संवेदना और परोपकार की भावना का संदेश भी दे गया। साक्षी ने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन समय में साथ देने वाले लोग उसके लिए भगवान से कम नहीं हैं। इस पर आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा, इंसान को इंसान रहने दें, इंसान बनना बहुत कठिन है। साक्षी की आर्थिक परेशानी की जानकारी हेमा सक्सेना को मिली। उन्होंने इस संबंध में आचार्य डॉ. अजय आर्य से चर्चा की। इसके बाद सहयोगियों से संपर्क कर साक्षी की पढ़ाई के लिए मदद जुटाने का प्रयास शुरू किया गया।



अध्यात्म पथ सेवा परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान दिया। इस पहल में रायपुर के महेंद्र नाहटा ने भी सहयोग किया। उन्होंने अपने पिता पारसमल नाहटा से मिले संस्कारों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके पिता हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करने और मुश्किल समय में दूसरों के साथ खड़े रहने की प्रेरणा देते थे। इस पहल का खास पहलू यह रहा कि लक्ष्मी रणछोड़ धर्मार्थ न्यास की ओर से सहायता का चेक लेकर महेंद्र नाहटा स्वयं रायपुर से दुर्ग पहुंचे और साक्षी शर्मा को सौंपा। बलराम भाई चावड़ा की भी भूमिका रही। नौकरी के साथ पढ़ाई और पारिवारिक जिम्मेदारियां निभा रही साक्षी के लिए रायपुर जाकर सहायता प्राप्त करना कठिन हो सकता था। ऐसे में महेंद्र नाहटा का स्वयं दुर्ग पहुंचना इस बात का उदाहरण बना कि जरूरतमंद की परिस्थिति को समझते हुए उसकी मदद करना भी परोपकार का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

सफलता को बताया सबसे सुंदर रिटर्न गिफ्ट: आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जरूरतमंद की सहायता करके स्वयं को बड़ा समझना उचित नहीं है। किसी के कठिन समय में उसके काम आना मानवीय कर्तव्य है। इस पुनीत प्रयास में लक्ष्मी रणछोड़ धर्मार्थ न्यास, महेंद्र नाहटा, बलराम भाई चावड़ा, रीता ललित देशपांडे, बिंदु शिवराजन, विकास विनायक, हेमा सक्सेना, नेहा दुबे, सुनीता खिरबत, वसंत वर्मा, शिपी आर्य, ऋषभ और लक्ष्मी जेठानी सहित अन्य सहयोगियों ने योगदान दिया। अध्यात्म पथ सेवा परिवार के सदस्यों और गुप्त रूप से सहयोग करने की इच्छा रखने वाले लोगों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए मिला संबल

आचार्य डॉ. अजय आर्य के आह्वान पर अनेक सहयोगियों ने साक्षी की सीए की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दी। सामूहिक प्रयास से कुल 63 हजार रुपए जुटाए गए। इस सहयोग से साक्षी को अपनी पढ़ाई जारी रखने और लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए संबल मिला। हेमा सक्सेना ने कहा कि इस अनुभव ने उन्हें समाज में मौजूद सकारात्मकता और मानवीय संवेदनाओं को करीब से देखने का अवसर दिया। अक्सर लोग समाज की बुराइयों की चर्चा करते हैं, लेकिन जरूरतमंद की सहायता के लिए आगे आने वाले लोगों के प्रयासों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। साक्षी की मदद के लिए कई लोगों का एकजुट होना भावुक करने वाला अनुभव रहा। लक्ष्मी जेठानी ने कहा कि परोपकार ही धर्म का सच्चा रास्ता है। जीवन दूसरों की कमियां गिनने के लिए नहीं, बल्कि उनके रास्ते को आसान बनाने के लिए मिला है। वसंत आर्य ने कहा कि आचार्य डॉ. अजय आर्य लगातार समाजसेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उनके साथ जुड़कर समाज को बेहतर बनाने की दिशा में योगदान देना सौभाग्य की बात है। किसी विद्यार्थी की शिक्षा में सहयोग करना उसके सपनों को साकार करने के साथ समाज के उज्ज्वल भविष्य में निवेश करना भी है। शिपी आर्य ने कहा कि जब हम किसी दूसरे के सपनों को अपना समझकर उसके साथ खड़े होते हैं, तब इंसानियत केवल शब्द नहीं रहती, बल्कि जीवन का संस्कार बन जाती है।

सिटी स्पोर्टस

अंडर-19 प्लेट ग्रुप में कोरबा, बीएसपी, महासमुंद और बस्तर ने जीते मुकाबले



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत आज विभिन्न मैदानों पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सेक्टर-1 में खेले गए मैच में कोरबा ने कांकेर को 6 विकेट से पराजित किया, जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए कांकेर की टीम 143 रन पर ऑल आउट हो गई और जवाब में कोरबा ने 4 विकेट खोकर 147 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। धमतरी में खेले गए मुकाबले में बीएसपी ने जशपुर को 7 विकेट से मात दी, जिसमें जशपुर की टीम 116 रन पर सिमट गई और बीएसपी ने 3 विकेट पर 119 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में महासमुंद ने कोरिया जिला को 7 विकेट से हराया; इस मुकाबले में कोरिया जिला 131 रन पर ऑल आउट हो गई और महासमुंद ने 3 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाकर जीत दर्ज की। वहीं, कांकेर के न्यू ग्राउंड पर खेले गए मैच में बस्तर ने धमतरी को 80 रनों के अंतर से करारी शिकस्त दी, जिसमें बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 268 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया और जवाब में धमतरी की टीम 9 विकेट पर 188 रन ही बना सकी।

टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी में रयान की शानदार जीत



कुम्हारी। छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी राज्यस्तरीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में आयोजित टर्मिनेटर विप्रा स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी सीजन-6 में रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी है। यहां रयान इंटरनेशनल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉलीक्रॉस स्कूल कांपा को 84 रनों से पराजित किया। वहीं सप्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल कुम्हारी, कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना और गुरुनानक पब्लिक स्कूल ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। रयान इंटरनेशनल स्कूल और हॉलीक्रॉस कांपा के बीच खेले गए मुकाबले में हॉलीक्रॉस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रयान इंटरनेशनल स्कूल ने निर्धारित 20 ओवरों में 168 रन बनाए। टीम की ओर से आरव नायक ने 45 और श्रीयांस ने 40 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। हॉलीक्रॉस की ओर से जिसान खान ने तीन तथा मनीष ने दो विकेट हासिल किए। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हॉलीक्रॉस कांपा की पूरी टीम रयान इंटरनेशनल स्कूल की अनुशासित गेंदबाजी के सामने महज 84 रनों पर सिमट गई। हॉलीक्रॉस की ओर से मनीष और हर्षित ने 17-17 रन बनाए। रयान इंटरनेशनल स्कूल के परमीत ने तीन तथा कृष्ण पटेल ने दो विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शानदार बल्लेबाजी के लिए आरव नायक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में सप्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल कुम्हारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लीलाश पब्लिक स्कूल मोतीपुर को 78 रनों से पराजित किया। दिन के तीसरे मुकाबले में कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए आत्मानंद स्कूल मोहबा बाजार को नौ विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं दिन के अंतिम मुकाबले में गुरुनानक पब्लिक स्कूल ने हॉलीक्रॉस स्कूल बैरन बाजार को 39 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

करंजा यूथ कप क्रिकेट में ओसीए ने आरके को 239 रनों से हराया



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट एकेडमी और आरके एकेडमी के बीच खेला गया। ओसीए रेजिडेंशियल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 321 रन बनाए। टीम के कप्तान आदित्य राज ने 130 रन, स्वप्निल राणा ने 58 और गोपाल मुर्मू ने 40 रनों का योगदान दिया। आरके एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में शुभ गिरी ने दो तथा अरुल सिंह, अंकित और किरणील ने एक-एक विकेट लिया।


लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरके एकेडमी की पूरी टीम 82 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए शुभ गिरी ने 27, विकेटकीपर आदित्य सिंह ने 18 और शौर्य चंदोला ने 13 रन बनाए। ओसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए अनमोल भला, नमन ने दो-दो विकेट और बाबातोष ने एक विकेट लिया, जबकि पांच खिलाड़ी रन आउट हुए।

जब पेट दर्द और अपच के पीछे छिपी होती है एंग्जाइटी, तो सामान्य दवाएं हो जाती हैं बेअसर?

पेट की खराबी और दिमाग का है गहरा संबंध, आंतों की सेहत बिगाड़ सकती है आपका मानसिक संतुलन

पेट दर्द, अपच और गैस एक बेहद सामान्य समस्या मानी जाती है, जो अक्सर गलत खानपान, कब्ज या दिनचर्या में बदलाव के कारण होती है। आमतौर पर ये परेशानियां साधारण एंटासिड, घरेलू नुस्खों या कुछ दिनों के परहेज से ठीक हो जाती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यदि आपको लंबे समय से पेट में दर्द, एसिडिटी या पाचन में लगातार गड़बड़ी बनी हुई है और तमाम इलाज के बावजूद आराम नहीं मिल रहा है, तो इसके तार सीधे आपके दिमाग से जुड़े हो सकते हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और आधुनिक चिकित्सा अनुसंधान के अनुसार, पाचन तंत्र में लगातार बनी रहने वाली खराबी कई स्थितियों में गंभीर मानसिक स्वास्थ्य विकारों का संकेत हो सकती है। गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज (जीईआरडी), इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) और एंग्जाइटी-स्ट्रेस जैसी मानसिक समस्याओं के बीच एक बेहद सीधा और गहरा संबंध पाया गया है। यानी यदि आपके पेट की समस्या सामान्य दवाओं से ठीक नहीं हो रही है, तो आपको किसी मनोचिकित्सक या मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लेने



की सख्त जरूरत हो सकती है।

क्या है गट-ब्रेन हेल्थ कनेक्शन?

हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार, हमारे पेट (गट) और मस्तिष्क (ब्रेन) का आपस में बहुत करीबी और निरंतर संचार का रिश्ता होता है, जिसे चिकित्सा विज्ञान में 'गट-ब्रेन एक्सिस' कहा जाता है। हमारी आंतें मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के सेंट्रल नर्वस सिस्टम (केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र) द्वारा सीधे नियंत्रित होती हैं। आंतों में लाखों



की संख्या में न्यूरॉन्स मौजूद होते हैं जो मस्तिष्क को निरंतर सिग्नल भेजते रहते हैं।यही वजह है कि जब कोई व्यक्ति अत्यधिक तनाव, चिंता या मानसिक दबाव में होता है, तो उसका सीधा असर पाचन क्रिया पर पड़ता है। यदि आपको बार-बार पेट दर्द, मरोड़, मतली, उल्टी जैसी अनुभूति होती है और शारीरिक जांच में सब कुछ सामान्य निकलता है, तो बहुत संभव है कि इसका असली कारण मानसिक तनाव या हिडन एंग्जाइटी हो।

तनाव और एंग्जाइटी से कैसे बिगड़ता है पाचन तंत्र?

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. कदीर मिठाईवाला के अनुसार, जब कोई व्यक्ति लगातार तनाव या चिंता की स्थिति में रहता है, तो उसका शरीर 'फाइट या फ्लाइट' मोड में चला जाता है। इस स्थिति में शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनालाईन जैसे स्ट्रेस हार्मोनों का अत्यधिक स्राव होने लगता है। इन हार्मोनल बदलावों के कारण पाचन तंत्र में गैस्ट्रिक जूस (पाचक रसों) और एसिड का स्राव असामान्य रूप से बढ़ जाता है। इसके परिणामस्वरूप पेट में जलन, एसिडिटी, सूजन, अफारा और गंभीर दर्द जैसी शिकायतें उत्पन्न होती हैं। वर्ष 2019 में किए गए एक महत्वपूर्ण अध्ययन में यह खुलासा हुआ था कि जीईआरडी (GERD) से पीड़ित मरीजों में



एंग्जाइटी और डिप्रेशन के लक्षण काफी अधिक मात्रा में पाए गए। विशेष रूप से जिन मरीजों में सीने में जलन और दर्द की शिकायत थी, उनमें एंग्जाइटी का स्तर बहुत ऊंचा था। कई बार जीईआरडी और एंग्जाइटी के कारण होने वाला सीने का दर्द इतना तीव्र होता है कि मरीज इसे हार्ट अटैक समझ बैठते हैं।

अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की राय

डॉ. हर्बर्ट स्टैनफोर्ड (हार्वर्ड विशेषज्ञ): ₹जो लोग अपनी दिनचर्या में अत्यधिक तनाव लेते हैं या जिनकी जीवनशैली में मानसिक दबाव अधिक रहता है, उनमें पुरानी पाचन संबंधी समस्याएं बनी रहने का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। डॉ. टोरोसियन (मनोरोग विशेषज्ञ): ₹तनाव से सीधे तौर पर इंफ्लामेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) जैसी गंभीर बीमारियां पैदा नहीं होतीं, लेकिन यदि किसी को पहले से यह समस्या है या वे किसी ट्रॉमा से गुजर रहे हैं, तो स्ट्रेस उनके गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षणों को कई गुना अधिक गंभीर और असहनीय बना सकता है।



दीपावली और वेडिंग सीजन में सोना खरीदने से पहले जान लें जरूरी टिप्स

भारतीय संस्कृति में सोने का विशेष महत्व है। दीपावली के पावन पर्व और उसके बाद शुरू होने वाले शादियों के सीजन को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। आज के समय में सोना एक लाख रुपये के पार पहुंच चुका है और लोग इसे केवल श्रृंगार ही नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक बेहतरीन निवेश का साधन भी मानते हैं। यही वजह है कि मांगलिक कार्यों और त्योहारों से पहले आभूषणों की खरीदारी करना परंपरा बन चुका है। त्योहारों और शादियों के समय में सोने की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर कई बार बाजार में मिलावटी या नकली सोना बिकने की आशंका भी बनी रहती है। थोड़ी सी भी असावधानी आपकी मेहनत की कमाई पर पानी फेर सकती है। यदि आप भी इस दीपावली या वेडिंग सीजन में 22 कैरेट गोल्ड खरीदने की योजना बना रहे हैं और बाजार जाने से पहले पूरी तैयारी करना चाहते हैं, तो इन बेहद जरूरी टिप्स को जरूर ध्यान में रखें।

अपने शहर का ताजा गोल्ड रेट जरूर करें चेक

सोने के दाम हर शहर में अलग-अलग होते हैं। स्थानीय मांग, आयात शुल्क (इंपोर्ट कॉस्ट) और परिवहन के खर्च के आधार पर इसके भाव तय होते हैं। शेयर बाजार की तरह सोने की कीमतें भी रोजाना घटती-बढ़ती रहती हैं। इसलिए किसी भी शोरूम या आभूषण विक्रेता के पास जाने से पहले अपने शहर के उस दिन के सटीक सोने के भाव की जानकारी अवश्य जुटा लें।

कैरेट के हिसाब से समझें सोने की शुद्धता

सोना खरीदते समय उसकी शुद्धता की जांच करना सबसे अहम कदम है। सोने की



शुद्धता को हमेशा कैरेट (K) में मापा जाता है। सबसे शुद्ध सोना 24 कैरेट का होता है, लेकिन उससे आभूषण नहीं बनाए जा सकते क्योंकि वह बेहद नरम होता है। अमूमन गहने 18 से 22 कैरेट सोने में ही तैयार किए जाते हैं। 22 कैरेट सोना आभूषणों के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है।

बिना हॉलमार्क के न खरीदें सोना

खरीदारी करते समय आभूषण पर बीआईएस (BIS) हॉलमार्क का निशान जरूर देखें। हॉलमार्क इस बात की आधिकारिक गारंटी होता है कि सोना तय मानकों के अनुसार कितना शुद्ध है। बिना हॉलमार्क वाले गहनों की शुद्धता पर हमेशा संदेह रहता है, इसलिए सरकार द्वारा प्रमाणित हॉलमार्क देखकर ही भुगतान करें।

मेकिंग चार्ज पर करें मोल-भाव

सोने के गहने खरीदते समय हर ज्वैलर उस पर अपनी कारीगरी के हिसाब से मेकिंग चार्ज (निर्माण शुल्क) जोड़ता है। आप चाहें तो मेकिंग चार्ज को लेकर ज्वैलर से मोल-भाव भी कर सकते हैं। कई बार दुकानदार थोड़ी बातचीत के बाद मेकिंग चार्ज में अच्छी खासी छूट भी दे देते हैं, जिससे आपकी काफी बचत हो सकती है।



छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों की दोहरी सफलता व्यक्तिगत स्वर्ण और टीम को कांस्य पदक

रायपुर। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के लिए गुरुवार का दिन गौरवपूर्ण रहा। प्रदेश को एक साथ दो बड़ी उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं। छत्तीसगढ़ के पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने एशियन गेम्स की मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश एवं देश का मान बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर, 46वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, जयपुर (राजस्थान) में 8 दिवसीय स्पर्धा के पहले दिन छत्तीसगढ़ की रिकर्व टीम ने पहली बार टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश की तीरंदाजी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। जयपुर में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली तीरंदाज गीतेश यादव, श्रेयांश वर्मा, युवराज एवं अविनाश ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का तिरंगा गौरव के साथ लहराया। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा खिलाड़ियों ने अपने दृढ़ संकल्प से यह गौरवपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने वरिष्ठ राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता, बिलासपुर में भी खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए घोषणा की थी कि ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ी तथा पदक दिलाने वाले कोच को 5-5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आज की उपलब्धियाँ इस विश्वास को और मजबूत करती है।

व्यक्तिगत स्पर्धा में भी पदक की उम्मीद

मुरारका ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के सात खिलाड़ी व्यक्तिगत स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। आगामी व्यक्तिगत मुकाबलों एवं मेडल मैचों को लेकर संघ और खिलाड़ियों को पूरी उम्मीद है कि प्रदेश के खिलाड़ी अपनी सफलता का सिलसिला जारी रखेंगे और और भी पदक हासिल करेंगे।





पैरा तीरंदाज टोमन कुमार की स्वर्णिम सफलता

छत्तीसगढ़ के होनहार पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। नक्सल घटना में अपना एक पैर गंवाने के बावजूद उन्होंने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत के दम पर खेल जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के महासचिव आयुष मुरारका ने बताया कि तोमन कुमार की यह सफलता प्रदेश के खिलाड़ियों, विशेषकर दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

घर में इस दिशा में रखें हाथी की मूर्ति



वास्तु शास्त्र के अनुसार, हाथी की मूर्ति का पूर्ण लाभ उठाने के लिए उसे उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) या उत्तर दिशा में इस प्रकार रखना चाहिए कि उसका मुख इन्हीं शुभ दिशाओं की ओर रहे। इसके अतिरिक्त, धन और समृद्धि को नियंत्रित करने वाले घर के दक्षिण-पूर्व (आग्नेय कोण) में भी हाथी की मूर्ति स्थापित की जा सकती है।

इस दिशा में मूर्ति रखने से आर्थिक स्थिरता बढ़ती है और धन आगमन के नए अवसर प्राप्त होते हैं। यदि आप करियर और शिक्षा में एकाग्रता चाहते हैं, तो स्टडी रूम या ऑफिस डेस्क पर उत्तर-पश्चिम कोने में छोटी मूर्ति रख सकते हैं। वहीं, घर के मुख्य द्वार के बाईं ओर ऊपर उठी हुई सूंड वाले हाथी की मूर्ति स्थापित करना सबसे उत्तम माना जाता है, क्योंकि यह नकारात्मक शक्तियों को घर में प्रवेश करने से रोकती है और सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करती है।

किन गलतियों से बचें और कैसी चुनें मूर्ति


हाथी की मूर्ति स्थापित करते समय कुछ विशेष सावधानियां बरतना बेहद जरूरी है, वरना लाभ की जगह नुकसान हो सकता है। वास्तु के अनुसार, घर की दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य कोण) दिशा में भूलकर भी हाथी की मूर्ति न रखें, क्योंकि यह स्थिरता का कोना है और यहाँ मूर्ति रखने से ऊर्जा का प्रवाह बाधित होकर कामों में रुकावटें आने लगती हैं। मूर्ति चुनते समय हमेशा पीतल, संगमरमर या लकड़ी से बनी छोटे आकार की मूर्ति ही चुनें और यह ध्यान रखें कि हाथी की सूंड ऊपर की तरफ उठी हुई हो, जो सौभाग्य का प्रतीक है।

कार्नर न्यूज

ईश्वर का अनमोल वरदान हैं आंखें, आधुनिक जीवनशैली और खानपान की गड़बड़ियों से बढ़ रहे हैं खतरे

आंखों की चमक और रोशनी को रखना है बरकरार तो जीवनशैली में बदलाव कर बचाएं अपनी नजर

आंखें ईश्वर का एक अनमोल वरदान हैं और यह हमारे शरीर का वह अहम हिस्सा हैं जो हमें इस खूबसूरत दुनिया का अहसास कराती हैं। हालांकि, आज के दौर में बदलती जीवनशैली और खानपान में गड़बड़ी के कारण आंखों से जुड़ी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन पर अत्यधिक समय बिताना हो या फिर मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी स्वास्थ्य स्थितियां, इन सभी का नकारात्मक असर हमारी आंखों की सेहत पर पड़ रहा है। दुनियाभर में अंधापन और कम दृष्टि के प्रमुख कारणों में मुख्य रूप से मोतियाबिंद, मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी गंभीर बीमारियां शामिल हैं। आंखों से जुड़ी इन बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस (वर्ल्ड साइट डे) मनाया जाता है।



पौष्टिक आहार का महत्वः रंग-बिरंगे फल और सब्जियों से संवारें आंखों की सेहत

आंखों को जीवनभर स्वस्थ और दुरुस्त रखने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपका खानपान संतुलित और पौष्टिक हो। अपनी भोजन की थाली में विभिन्न रंगों वाली सब्जियों और ताजे फलों को दैनिक आहार का हिस्सा जरूर बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक तथा विटामिन सी और ई जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व उम्र से जुड़ी दृष्टि संबंधी समस्याओं जैसे मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद को दूर करने में बेहद मददगार साबित होते हैं। पालक और केल जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां, फैटी फिश, अंडे, नट्स और बीन्स का सेवन आंखों की रोशनी के लिए अत्यधिक लाभकारी माना जाता है।

धूम्रपान से बनाएं पूरी दूरी, वरना खतरे में पड़ सकती है आपकी नजर

धूम्रपान केवल फेफड़ों के लिए ही हानिकारक नहीं है, बल्कि इसका सीधा और बुरा असर हमारी आंखों की सेहत पर भी पड़ता है। विभिन्न चिकित्सा अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि धूम्रपान करने से मोतियाबिंद, ऑप्टिक तंत्रिका को क्षति पहुंचने और मैक्यूलर डिजेनरेशन का खतरा काफी



हद तक बढ़ जाता है। धूम्रपान की इस बुरी आदत को छोड़कर इस तरह के गंभीर खतरों को आसानी से कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि धूम्रपान से दूरी बनाना पूरी तरह आपके नियंत्रण में है, जो आपकी दृष्टि को लंबे समय तक स्वस्थ और सुरक्षित बनाए रखने में मददगार हो सकता है।

स्क्रीन टाइम को करें नियंत्रित, अपनाएं बीस-बीस-बीस का नियम

आजकल डिजिटल उपकरणों की स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने वाले लोगों में समय के साथ आंखों से जुड़ी कई प्रकार की परेशानियां विकसित होने का खतरा बना रहता है। मोबाइल, कंप्यूटर या टेलीविजन जैसी स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी हमारी आंखों के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकती है। अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन इस तरह के जोखिमों को कम करने के लिए एक बेहद कारगर उपाय के रूप में बीस-बीस-बीस नियम की सिफारिश करता है। इसके तहत हर बीस मिनट के काम के बाद कम से कम बीस फीट की दूरी पर रखी किसी वस्तु को बीस सेकंड के लिए ध्यान से देखने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, काम के दौरान पलकों को लगातार झपकाते रहना भी आंखों में नमी बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है।

खबर संक्षेप



भिलाई-चरोदा में 46 हितग्राहियों को लॉटरी से मिला सरकारी आवास

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा कार्यालय सभागार में गुरुवार का दिन लोगो के लिए घर की सौगात देने वाला रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना एएचपी आवास आबंटन में 46 हितग्राहियों को लाटरी प्रक्रिया का पालन करते हुये चिट निकालकर आवास आवंटित किया गया। बता दें कि निगम क्षेत्र में बने विठ्ठलपुरम आवास 58 नग में से फिलहाल 46 लोगों को आवास प्रदान करने की प्रक्रिया पूर्ण की गयी है। शेष आवास भी शासन द्वारा निर्धारित की गयी गाईडलाइन का पालन करते हुये आवंटन पूर्ण किया जायेगा। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, आयुक्त डीएस राजपूत, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, ईश्वर साहू, शारदा लावेश मदनकर, प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी आलोक पसीने, उपअभियंता मुकेश रात्रे सहित अन्य उपस्थित रहे।

हर महीने थोक में रिटायर हो रहे हैं नियमित कर्मचारी

बीएसपी में ठेका मजदूरों पर निर्भरता बढ़ने के बाद भी नहीं बढ़ी वेतन सहित अन्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वर्तमान में 9 हजार नियमित कर्मचारी और 22 हजार ठेका श्रमिक कर रहे हैं काम



सेल का सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र अब मेन पावर के मामले में तेजी सिमट रहा है। हर महीने नियमित कर्मचारियों के थोक में रिटायर होने और भर्ती बंद होने से संयंत्र ठेका मजदूरों पर निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। संयंत्र का भविष्य माने जाने वाले हजारों श्रमिकों का

- यूनियनों ने कहा नियमित की तरह हो वेतन समझौता

भविष्य अनिश्चित है। इससे उनमें चिंता और असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने श्रमिकों के उत्पादन और अन्य कार्यों में योगदान इन पर बढ़ती निर्भरता को देखते हुए का वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग बीएसपी प्रबंधन से की है।

बीएसपी में पिछले कई साल से भर्ती मंद होने के साथ लगातार नियमित कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं। हर महीने सौ से डेढ़ सौ कर्मचारी अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पिछले तीस साल में मेन पावर एक चौथाई भी नहीं रह गया है। अस्सी के दशक में करीबन 40 हजार कर्मचारी अधिकारी कार्यरत थे। लेकिन वर्तमान में मात्र 9 हजार कर्मचारी व करीब 22 सौ अधिकारी ही काम कर रहे हैं। लगातार कार्मिकों के रिटायर होने और भर्ती बंद होने से मेन पावर कम हो रहा है । वहीं दूसरी ओर ठेका मजदूरों की तादाद बढ़ती जा रही है। आगे मात्र पांच हजार ही मेन पावर करने का लक्ष्य है। यूनियनों के मुताबिक वर्तमान में 22 हजार श्रमिक काम कर रहे हैं जबकि नियमित कर्मचारी मात्र नौ हजार ही बचे हैं। यानी संयंत्र की मजदूरों पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। सीटू के अनुसार केंद्र सरकार की विनिवेशीकरण और आउटसोर्सिंग नीति के चलते आगे तेजी से मेन पावर कम होता जाएगा और श्रमिकों की संख्या बढ़ती जाएगी। लेकिन वर्कलोड बढ़ने के बाद भी ठेका मजदूरों का वेतन, सुविधाएं नहीं बढ़ रही हैं। सेल और लोकल प्रबंधन से कई बार श्रमिकों का वेतन व सुविधाएं बढ़ाने की मांग की जा चुकी है।

योगदान को देख बढ़ाएं वेतन और बोनस आदि

बीएसपी में अकुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल सहित चारों श्रेणियों के श्रमिकों के लिए राज्य व केंद्र का न्यूनतम वेतन निर्धारित है। बोनस 8.3 सहित अन्य सुविधाएं भी निर्धारित हैं। लेकिन कुछ बड़ी कंपनियों को छोड़कर अधिकतर ठेकेदार निर्धारित वेतन नहीं देते हैं। यूनियनों के दबाव के बाद स्थिति में कुछ सुधार हुा है लेकिन अधिकतर की हालत बदतर है। इंटक भिलाई के महासचिव संजय साहू बताते हैं कि जिस हिसाब से श्रमिको पर बीएसपी की निर्भरता बढ़ रही है और रेगुलर के कम होते जाने से आगे मजदूर ही बीएसपी का भविष्य हैं, इसे देखते हुए इस तबके का वेतन व सुविधाएं बढ़ाने की जरुरत है। एनजेसीएस में वेतन समझौता की मांग भी गई थी। एस- 11 के बराबर वेतन दिये जाने की जरुरत है। संयंत्र के लिए नियमित व ठेका मजदूर दोनों ही जरुरी हैं। मजदूरों का उत्पादन व उत्पादकता में नियमित के बराबर का योगदान है लेकिन सुविधाएं नगण्य हैं।

नियमित के बराबर है श्रमिकों का योगदान

बीएसपी में उत्पादन और उत्पादता सहित अन्य कार्यों में नियमित कर्मचारियों की तरह ही ठेका मजदूरों का योगदान है। लेकिन श्रमिकों के वेतन सुविधाओं में जमीन आसमान का अंतर है। इंटक भिलाई के महासचिव संजय साहू बताते हैं कि यूनियन के दबाव के बाद श्रमिकों का वेतन बढ़ा है लेकिन वेतन समझौता की मांग लंबे समय से की जा रही है। इससे उनका जीवन स्तर सुधरेगा। श्रमिक व कर्मचारी दोनों ही बीएसपी के लिए जरुरी हैं। लेकिन जिस अनुपात में मेन पावर कम हो रहा है और मजदूरों पर निर्भरता बढ़ रही है, इसे देखते हुए वेतन सरकार व उच्च प्रबंधन को वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की जरुरत है। पहले भी कई बार एनजेसीएस में मांग की जा चुकी है।

नेहरू नगर में जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक-2 में ईएसआईसी अस्पताल के पास स्थित जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई। जर्जर भवनों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे भवनों का ध्वस्तीकरण आम नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

- जर्जर भवनों के कारण बनी दुर्घटना की आशंका

नगर निगम द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि अपने आसपास स्थित जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों की जानकारी निगम प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



डी-केबिन में फिर रुकेगी लोकल ट्रेन, डीआरएम ने दिलाया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लोकल ट्रेन के स्टापेज को लेकर गुरुवार को डी केबिन स्टेशन पहुंचे डीआरएम से लोगों ने मुलाकात कर समस्या से अवगत हुए। इसके बाद लोगों को उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द अब यहां फिर से लोकल ट्रेनों का स्टापेज होगा।

डीआरएम ने स्वयं पहुंचकर सर्वे किया और आम जनता से उनकी समस्याओं को लेकर बातचीत की। इसव दौरान पार्षद भारती सूर्यवंशी के नेतृत्व में लोगों ने मुलाकात किया। लोकल ट्रेन को लेकर बीते दिनों पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने डीआरएम से बाचचीत किया था। इस दौरान लोगों ने पूर्व सीएम बघेल के प्रति लोगों ने आभार जताया है। गौरतलब हो कि लोकल ट्रेन के नहीं रुकने से आने जाने वाले रेल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई यात्री इसी लोकल ट्रेन से काम पर जाया करते थे। ट्रेन नहीं रुकने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब फिर पहले जैसे व्यवस्था हो जाएगी। इस दौरान जिला महामंत्री दुर्ग ग्रामीण व प्रदेश महासचिव केकेसी राम सूर्यवंशी जिलाध्यक्ष राहुल वर्मा, एन शेखर राव जी. एन रामू राव, देवेंद्र, दिनेश यादव बिट्टू,राजेंद्र, रीता, शारदा ध्रुव समेत नागरिकगण मौजूद थे।

रेलवे के जनसंवाद में डीआरएम ने सुनी समस्या

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में 22 अक्टूबर को विशेष अभियान 6.0 के तहत दुर्ग सहित 36 रेलवे स्टेशनों और 7 रेलवे उपक्रमों में रेल जनसंवाद कार्यक्रम चलाया गया। इसमें रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों, युवाओं, आम लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं, सुझाव, अपेक्षाएं जानीं। इसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं में सुधार करना और रेल सेवाओं को बेहतर बनाना था। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने दुर्ग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों, युवाओं और दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने दुकानदारों से अपनी दुकानों के सामने सफाई रखने और कचरा नहीं फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कचरे के सही निपटारे की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। प्लास्टिक कचरे से नालियों के जाम होने की समस्या का जक्रि करते हुए उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग कम करने पर जोर दिया। जनसंवाद के दौरान यात्रियों ने स्टेशन की सफाई, यात्री सुविधाओं और रेल सेवाओं से जुड़ी समस्याएं और सुझाव रखे। डीआरएम ने उनकी बातें सुनकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

50 करोड़ रुपए से ज्यादा मजदूरी बंटी, 1,076 नए कामों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



गांवों में रोजगार के साथ विकास की रफ्तार भी तेज हो रही है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण यानी जी-राम-जी के तहत दुर्ग जिले में श्रमिकों को रोजगार देने के साथ गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 5,011.25 लाख यानी करीब 50.11 करोड़ की मजदूरी का भुगतान किया जा चुका है। वहीं, जिले में 1,076 निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन जनपद पंचायतों में वर्तमान में कुल 10,469 श्रमिक कार्यरत हैं। इनमें धमधा में 5,145, दुर्ग में 3,822 और पाटन में 1,502 श्रमिक शामिल हैं। योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार की गारंटी देने का प्रावधान है। ग्रामीण ग्राम पंचायत के माध्यम से काम की मांग कर सकते हैं। मांग के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि मजदूरी भुगतान को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए सिंगल नोडल अकाउंट के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण द्वारा राशि श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में भेजी जा रही है। स्वीकृत कार्यों और भुगतान की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि श्रमिकों को समय पर मजदूरी का लाभ मिल सके। पाटन में 1,808.00 लाख, दुर्ग में 1,634.99 लाख और धमधा में 1,475.40 लाख की मजदूरी का भुगतान किया गया है।

तालाब-डबरी से स्कूल तक होंगे निर्माण

योजना के तहत कुल 1,076 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें धमधा जनपद में 412, पाटन में 315 और दुर्ग में 349 कार्य शामिल हैं। तालाब, डबरी, जल निकासी, कच्ची नाली, ट्रेंच, भूजल संवर्धन और तालाब गहरीकरण जैसे कार्यों से जल संरक्षण और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष, मुक्तिधाम शेड, आंगनबाड़ी और बालिका शौचालय निर्माण से ग्रामीण आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। इन कार्यों से श्रमिकों को रोजगार मिलने के साथ गांवों को लंबे समय तक उपयोगी परिसंपत्तियां भी मिलेंगी।

सुनील प्रसाद ने हासिल किया प्रथम स्थान



भिलाई। भिलाई स्टील प्लांट परिसर में वेल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्लांट के अंतर्गत कार्यरत विभिन्न ठेकेदारों के कुशल वेल्डरों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपने तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बीच मेसर्स प्रोटेक्टिव जनरल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के कुशल वेल्डर 43 वर्षीय सुनील प्रसाद पिता शिव बालक प्रसाद ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और बेहतरीन वेल्डिंग तकनीक के बल पर प्रथम स्थान प्राप्त कर कंपनी का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में भिलाई स्टील प्लांट के कार्यपालक निदेशक द्वारा सुनील प्रसाद को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।



मोबाइल और डेटा भत्ता देने की उठी मांग

डिजिटल रिपोर्टिंग के बोझ तले दबे स्वास्थ्य कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य कर्मियों और अन्य शासकीय विभागों के कर्मचारियों के सामने डिजिटल रिपोर्टिंग से जुड़ी समस्याएं गंभीर रूपरेखा ले चुकी हैं। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्य सचिव विकासशील का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। संघ का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, शिक्षा और उच्च शिक्षा समेत तमाम विभागों में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की दैनिक रिपोर्टिंग, फोटोग्राफी और वीडियो विभिन्न पोर्टलों पर अपलोड करने की अनिवार्यता है, लेकिन इसके एवज में कर्मचारियों को मोबाइल या डेटा रिचार्ज भत्ता नहीं दिया जा रहा है। व्यक्तिगत उपयोग के लिए रिचार्ज कराए जाने वाले डेटा का अधिकांश हिस्सा शासकीय ऑनलाइन प्रविष्टियों में खर्च हो रहा है, जो कर्मचारियों की आर्थिक और मानसिक परेशानी का बड़ा कारण बन गया है।

संघ के पदाधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल इंडिया और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए शासकीय कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखना जरूरी है। इसके तहत ऑनलाइन स्टेटस अपडेट करने और हितग्राहियों को मोबाइल पर सेवाएं प्रदर्शित करने हेतु हर कर्मचारी को साल में एक बार एंड्रॉइड स्मार्टफोन खरीदने के लिए राशि तथा प्रतिमाह पांच सौ रुपये डेटा रिचार्ज भत्ता दिया जाना आज के समय की सबसे बड़ी और वास्तविक मांग है। सभी विभागों के प्रमुख सचिवों को इस जायज मांग को मुख्य सचिव के समक्ष रखना चाहिए ताकि मैदानी स्तर पर काम करने वाले कर्मियों को राहत मिल सके। इसके अलावा, कर्मचारियों की कैशलेस चिकित्सा सुविधा से जुड़े मुद्दों को भी जोर-शोर से उठाया गया है। पिछली कैबिनेट में कैशलेस चिकित्सा के लिए स्वीकृत किए गए एक सौ करोड़ रुपये का शासकीय नियम और आदेश इसी कैबिनेट में जारी करने की मांग की गई है। साथ ही, इसमें संशोधन कर पेंशनर्स को भी इस स्वास्थ्य योजना का लाभ देने के लिए स्पष्ट मार्गदर्शिका जारी करने पर बल दिया गया है। मांग करने वालों में प्रांताध्यक्ष अनिल पांडेय, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष आरडी दीवान, उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, लिपिक संवर्ग संयोजक बीके शुक्ला, महामंत्री एसपी देवांगन, पीसी जेम्स, दुर्ग जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, जी. मोहन राव, कविता साहू, जैकलीन डान, केशव दास बंजारे, राघवेन्द्र साहू, खिलावन चंद्राकर और आर. विश्वास सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।